

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 111 | ग्वालियर गुरुवार, 02 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### सबका है बजट, टैक्स छूट देने से विपक्ष नाराज

**नई दिल्ली।** सीतारामन ने बजट 2023 पेश कर दिया है. इस बजट पर केंद्रीय खेल और सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने न्यूज के साथ खास बातचीत की है. इस दौरान उन्होंने बजट की खूबियों को बताया और कहा कि ये बजट सभी के लिए है. टैक्स में छूट देने से विपक्ष नाराज है. उन्होंने कहा कि ये अमृतकाल का पहला बजट है और सम्पूर्ण भारत को विकसित करने का दमखम रखता है. अनुराग ठाकुर ने बात करते हुए कहा कि ये सम्पूर्ण बजट है और हर वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ है. तभी विपक्ष थोड़ा निराश दिखता है और राजनीति करने का प्रयास करता है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बजट पेश करते हुए कहा था कि ये अगले 25 सालों का ब्लू प्रिंट है. वित्त मंत्री की इस बात का जवाब देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि 10 लाख करोड़ रुपये कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए कभी नहीं दिया गया. इससे एक आधारभूत ढांचा तैयार होगा. उन्होंने कहा कि 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपये रेलवे के लिए दिया गया जो अब तक का सबसे बड़ा ऐलान है. इसके अलावा कृषि क्षेत्र में लोगों के लिए 20 लाख करोड़ रुपये का लोन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई. विपक्ष का कहना है कि महंगाई को लेकर इस बजट में कोई बात नहीं की गई तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हम दुनिया के देशों जैसे, अमेरिका, यूरोप यहां तक कि पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी तुलना करें तो भारत में महंगाई कंट्रोल में है, लगातार नीचे आई है. दुनिया की संस्थाओं की बात करें या फिर अपने इकोनॉमिक सर्वे की बात करें तो 6.5 प्रतिशत की दर दिखाई है.

### आधा घंटा दो मैं बताती हूं कि कैसे...

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय बजट 2023 को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला है. सीएम ममता ने 2023 को आगामी लोकसभा चुनाव से जोड़ते हुए सरकार पर निशाना साधा है. सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि बजट को 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें आधे घंटा दिया जाए तो वह इससे अच्छा जनहितैषी बजट बनाकर दिखा सकती हैं. समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के बोलपुर में बुधवार (1 फरवरी) को सरकारी समारोह को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा है कि केंद्रीय बजट जनविरोधी है और इसमें गरीबों का खयाल नहीं रखा गया है. उन्होंने दावा किया कि इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव करने से किसी का भला नहीं होगा. मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा, यह केंद्रीय बजट भविष्यवादी नहीं है, पूरी तरह अवसरवादी है, जनविरोधी और गरीब विरोधी है. एक केवल एक वर्ग के लोगों को ही फायदा पहुंचाएगा. यह देश में बेरोजगारी का मुद्दा हल करने में मदद नहीं करेगा. इसे 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयार किया गया है. सीएम ममता ने कहा, आयरकर स्लैब में बदलाव किसी की मदद नहीं करेंगे. इस बजट में आशा की कोई किरण नहीं है. यह एक डार्क बजट है. मुझे आधा घंटा दो, मैं दिखाऊंगी कि गरीबों के लिए बजट कैसे बनाते हैं. बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बुधवार (1 फरवरी) को संसद में 2023-24 का बजट पेश किया. उन्होंने नई टैक्स व्यवस्था के तहत 7 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वालों के लिए कोई टैक्स नहीं देने की घोषणा की है लेकिन पुरानी व्यवस्था में बने रहने वालों के लिए कोई बदलाव नहीं किया है.

### ट्रेन के टॉयलेट का हुआ मेकओवर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीटर पर ट्रेन के टॉयलेट मेकओवर का वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में काफी लोगों के रिएक्शन मिले हैं और इसकी सराहना भी हो रही है. इस वीडियो में अश्विनी अपग्रेडेड शौचालयों की बेहतर सुविधाओं की समीक्षा करते हुए दिखाई दे रहे हैं. इस क्लिप में काम शुरू होने से पहले और बाद का अंतर भी दिखाया गया है. इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा मौजूदा कोचों के लिए नए अपग्रेडेड शौचालय डिजाइन का निरीक्षण किया. इसमें मरम्मत से पहले और बाद में ट्रेन के अंदर शीशे, वॉश बेसिन और टॉयलेट सीट की स्थिति को दिखाती है. खबर लिखने तक वीडियो को 6 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है. एक यूजर ने इसे काफी अच्छा काम बताया है. एक यूजर ने इसके रखरखाव को लेकर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि यह काफी अच्छा काम है लेकिन रखरखाव के बारे में उन्हें ज्यादा चिंता है. आशा है कि भविष्य में इसे बनाए रखा जाएगा. एक अन्य यूजर ने लिखा निश्चित रूप से सबसे महत्वपूर्ण अपग्रेडेशन हमारे ट्रेन के डिब्बों में किया जाना है. सभी कर्मचारियों को धन्यवाद जिन्होंने इसे संभव बनाया है. एक व्यक्ति ने कमेंट में लिखा है, यह हमारी भी जिम्मेदारी है कि इसका सही इस्तेमाल करें. एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, भारतीय रेलवे में शौचालयों के साथ रखरखाव और सफाई सबसे बड़ा मुद्दा है, चाहे हम किसी भी श्रेणी में यात्रा कर रहे हों. इस मुद्दे पर भी गौर किया जाना चाहिए. वहीं, एक ने मंत्री की सराहना करते हुए लिखा है कि आप वास्तव में स्थितियों में सुधार कर रहे हैं और लोगों के लिए अच्छी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं.

### अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में करणी सेना ने किया हनुमान चालीसा पढ़ने का ऐलान

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में कथित देश विरोधी और हिंदू विरोधी गतिविधियों को लेकर करणी सेना बुधवार (1 फरवरी) को एएमयू में हनुमान चालीसा का पाठ करने वाली थी. इससे पहले ये लोग यहां पहुंचते पुलिस ने करणी सेना के लोगों को नजरबंद कर लिया. करणी सेना के उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के आवास के बाहर काफी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंचे. दरअसल, गणतंत्र दिवस समारोह में धार्मिक नारेबाजी की गई थी. इसको लेकर करणी सेना एएमयू में सर्किल पर हनुमान चालीसा का पाठ करने का ऐलान किया था. करणी सेना के उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने इसके लिए कार्यकर्ताओं को अपने आवास पर इकट्ठा होने के लिए कहा था. उधर, इस चीज की भनक पुलिस को भी लग गई. कार्यकर्ता उपाध्यक्ष के आवास पर पहुंच पाते उससे पहले पुलिस वहां पहुंच गई और सभी को नजरबंद कर लिया. इसके बाद ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के घर के बाहर पुलिस और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई.

## गांव, गरीब और किसानों का रखा गया ध्यान

**नई दिल्ली।** संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने मोदी सरकार 2.0 का आखिरी पूर्ण बजट पेश किया. आम बजट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इसमें गांव, गरीब और किसानों का ध्यान रखा गया. उन्होंने कहा कि इस बजट में मिडिल क्लास का भी खास ध्यान रखा गया है. प्रधानमंत्री ने कहा, इस बजट से विकसित भारत का सपना पूरा होगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने टेक्नोलॉजी पर बहुत बल दिया है. उन्होंने कहा कि बजट में वंचितों को वरियता दी गई है. महिलाओं के लिए भी विशेष बजट है. प्रधानमंत्री ने कहा कि ये बजट भारत के विकास को नई गति देगा. उन्होंने कहा इस बजट में स्स्स्थह्य का भी ध्यान रखा गया है और पेमेंट की भी नई व्यवस्था बनाई गई है. प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं निर्मला सीतारामन को इस बजट के लिए बधाई देता हूं. पीएम मोदी ने कहा कि अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा. उन्होंने कहा, ÷ये बजट वंचितों को वरीयता देता है. ये बजट आज की आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा.



प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने गांव से लेकर शहर तक में रहने वाली हमारी महिलाओं के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं, उन्हें अब और ताकत के साथ आगे बढ़ाया जाएगा. उन्होंने कहा, देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आई है. ऐसे लोगों के लिए ट्रेनिंग, टेक्नोलॉजी, क्रेडिट, और मार्केट सपोर्ट की व्यवस्था की गई है. पीएम-विकास से हमारे करोड़ों विश्वकर्माओं के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आएगा. पीएम मोदी ने कहा कि यह बजट सहकारिका को बढ़ावा देगा, जहां ग्रामीणों के लिए सुविधा होगी. उन्होंने ये भी कहा कि दूध और मछली पालन के क्षेत्र का विस्तार होगा, एग्रीक्लचर में डिजीटल चीजों में बढ़ोतरी हों, इसके लिए व्यवस्था की गई है. उन्होंने कहा कि ये बजट लोगों को आय के नए अवसर उपलब्ध करवाने का कार्य करेगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई की लिए दो लाख के अतिरिक्त ऋष्टा की गारंटी भी दी गई है. प्रधानमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2014 की तुलना में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर 400त्न से ज्यादा की वृद्धि की गई है. उन्होंने कहा कि इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर 10 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश होगा. यह निवेश युवाओं के लिए रोजगार और एक बड़ी आबादी के लिए आय के नए अवसर पैदा करेगा. पीएम मोदी ने कहा, आज जब मिलेट्स पूरे विश्व में लोकप्रिय हो रहा है तो उसका सर्वाधिक लाभ भारत के छोटे किसानों के नसीब में है. अब इस सुपर फूड को श्री अन्न के नाम से एक नई पहचान दी गई है. श्री अन्न से हमारे छोटे किसानों और किसानी करने वाले आदिवासी भाई-बहनों को आर्थिक सबल मिलेगा.

## बजट में भी नहीं मिली सीनियर सिटीजन को रेल किराये में छूट

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने साल 2023-24 का बजट पेश कर दिया है. इस बजट में तमाम तरह के एलान किए गए हैं और कई सेक्टर्स को राहत देने की कोशिश हुई है. रेलवे को लेकर भी बजट में कुछ बड़े एलान किए गए हैं. जिसमें वित्त मंत्री ने बताया कि रेल बजट को इस बार 2.4 लाख करोड़ कर दिया गया है. हालांकि रेल का सफर करने वाले सीनियर सिटीजन को इस बजट से राहत नहीं मिली. उम्मीद थी कि इस बार बजट में एलान किया जा सकता है कि सीनियर सिटीजन को रेलवे किराये में एक बार फिर छूट दी जाएगी, हालांकि ऐसा नहीं हुआ. कोरोना महामारी से पहले देशभर के सीनियर सिटीजन को रेलवे किराये में छूट दी जाती थी. साल 2019 में कोरोना महामारी के चलते इसे बंद कर दिया गया. पहले 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को 40 फीसदी और 58 साल की महिलाओं को 50 फीसदी तक छूट का प्रावधान था. इसके बाद से ही लगातार उम्मीद लगाई जा रही थी कि सरकार बुजुर्गों को राहत देगी. रेलवे ने छूट खत्म करने के बाद करोड़ों की कमाई की थी.



निर्मला सीतारामन ने अपने बजट भाषण में कहा कि ये अमृत काल का पहला बजट है. यह बजट अगले 25 साल का ब्लू प्रिंट है. दुनिया में सुस्ती के बावजूद 7प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान है. उन्होंने कहा कि रिफार्म पर फोकस किया जाएगा और मजबूत नीतियों से हम बेहतर कर पाएंगे. 28 महीनों में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया. 2 लाख करोड़ रुपए का भार केंद्र सरकार उठाएगी. भारत दुनिया मे 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना.जम्मू कश्मीर, लद्धाख, और पूर्वोत्तर पर सरकार का फोकस है. आत्मनिर्भर क्लीन प्लांट प्रोग्राम के लिए 2200 करोड़ रुपये का ऐलान किया गया है. वित्त मंत्री ने बताया कि कृषि क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के कर्ज का लक्ष्य है.

## शरीयत परिषद अदालत नहीं है, मुस्लिम महिलाओं की तलाक प्रकिया को लेकर मद्रास हाई कोर्ट ने दिया अहम फैसला



**नई दिल्ली।** मुस्लिम महिलाओं की तलाक लेने वाली प्रक्रिया खुला को लेकर मद्रास हाई कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है. कोर्ट ने कहा है कि खुला के तहत विवाह संबंध खत्म करने के लिए किसी महिला को शरीयत परिषद जैसे किसी निजी निकाय के पास जाने की जरूरत नहीं है, वह इसके लिए परिवार अदालत का दरवाजा खटखटा सकती है. कोर्ट ने कहा है कि शरीयत परिषद जैसी निजी संस्था खुला के जरिये शादी खत्म करने की घोषणा नहीं कर सकती है और न ही वो इसे प्रमाणित कर सकती है. हाई कोर्ट ने कहा, वे विवादों की (शरीरत परिषद) अदालतें या मध्यस्थ नहीं हैं. अदालतों ने भी ऐसे अभ्यास से असहमति जताई है. कोर्ट ने कहा कि इसलिए ऐसी निजी संस्थाओं की ओर से जारी किए जाने वाले खुला प्रमाणपत्र अमान्य हैं. समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, तमिलनाडु तौहीद जमात नामक शरीयत परिषद ने 2017 में एक शख्स की पत्नी को खुला प्रमाणपत्र जारी किया था. इस प्रमाणपत्र को खारिज करवाने के लिए शख्स ने मद्रास हाई कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की थी. मामले पर न्यायमूर्ति सी सरवनन ने सुनवाई की और जमात की ओर से जारी किए गए खुला प्रमाणपत्र को खारिज कर दिया. जस्टिस सरवनन ने अपने फैसले में कहा, खुला तलाक का एक रूप है जो पति को मिले तलाक के अधिकार के समान है. फैसले में कहा गया कि मद्रास हाई कोर्ट ने बादर सईद बनाम भारत संघ, 2017 मामले में अंतरिम रोक लगा दी और उस मामले में उत्तरदाताओं (काजियों) जैसे निकायों को खुला के जरिये शादी खत्म करने को प्रमाणित करने वाले प्रमाणपत्र जारी करने से रोक दिया. हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता और उसकी पत्नी को निर्देश दिया कि वे अपने विवादों को सुलझाने के लिए तमिलनाडु विधिक सेवा प्राधिकरण या एक परिवार अदालत से संपर्क करें. उच्च न्यायालय ने कहा, जैसा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट 1937 के तहत मुस्लिम महिलाओं के लिए तलाक लेने के संबंध में खुला की व्यवस्था है, इसके लिए वह अदालत का दरवाजा खटखटाकर शादी को भंग करने के अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकती है, यह एक जमात के कुछ सदस्यों वाले स्व-घोषित निकाय के समक्ष नहीं हो सकता है.

## 33 हजार रुपये आपकी जेब में डालकर मोदी सरकार ने सेट कर दिया लोकसभा चुनाव का एजेंडा

9 राज्यों में विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मोदी सरकार ने एजेंडा सेट कर दिया है. इनकम टैक्स भरने वालों के लिए सरकार ने बड़ी राहत देने के साथ ही पीएम आवास योजना का भी बजट बढ़ा दिया है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण में बजट भाषण में ऐलान किया है कि पुराने टैक्स सिस्टम के साथ-साथ अब नया टैक्स सिस्टम लागू होगा. नए सिस्टम के तहत 7 लाख तक की आय में टैक्स नहीं देना पड़ेगा. करदाता के पास पुराने टैक्स सिस्टम का भी विकल्प रहेगा. देश में 8 करोड़ लोग टैक्स देते हैं और जिन राज्यों में चुनाव है, वहां इनकी संख्या 1 करोड़ 33 लाख के करीब है. जिस तरह से टैक्स घटाया है उस हिसाब से अधिकतम 33800 रुपये तक लोगों को फायदा होने जा रहा है. जाहिर है इसका फायदा सीधे तौर न सिर्फ टैक्स देने वालों को होगा, हाथ में पैसा बढ़ेगा तो खपत भी बढ़ेगी. इसका नतीजा ये होगा कि अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और रोजगार के साधन भी बढ़ेंगे.

चुनाव से पहले टैक्स में छूट हाल ही के दिनों में मोदी सरकार का अब तक सबसे बड़ा फैसला है जिससे लोगों को सीधा फायदा मिलने जा रहा है. इसके साथ ही साल 2015 में शुरू की गई पीएम आवास योजना पर मोदी सरकार ने बजट बढ़ा दिया है. इस योजना ने बीते लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के ऐलान के मुताबिक पीएम आवास योजना में पिछले बजट की तुलना में 66 फीसदी ज्यादा फायदा हुआ है. साल 2022-23 में इस योजना में 48 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था. इस बार के बजट में 79 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है. पीएम आवास योजना प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है. सरकार की ओर से मिले आकंड़ों के मुताबिक अब तक 2.95 करोड़ लोगों को इस योजना के तहत घर देने का लक्ष्य रखा गया है. अब तक 2.49 करोड़ लोगों को इसका फायदा पहुंचाया जा चुका है. इसके साथ ही दिसंबर 2022 में 2.10 करोड़ घर तैयार किए जा चुके हैं. इस योजना का ही असर था जिसकी वजह से महिलाओं ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को जमकर वोट दिया था. कुल मिलाकर जो माना जा रहा था वही हुआ. मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव का एजेंडा आर्थिक मोर्चे पर सेट कर दिया है. बता दें कि इस साल मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा, कर्नाटक, मिजोरम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं. इसके साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 में होगा. हालांकि मोदी सरकार के इस बजट से विपक्ष के नेता खुश नहीं है. आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा, न किसान, न जवान और न नौजवान, इस बजट में नहीं है कोई प्रावधान, अमृतकाल में अमृत के लिए तरह रहा है आम इंसान, पूंजीपतियों के लिए लूट हुई आसान. समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई बजट महंगाई एवं बेरोज़गारी दोनों को और बढ़ाता है.

## हम बिना किसी टैक्स छूट के नया टैक्स सिस्टम बनाना चाहते हैं: वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज बजट पेश करने के बाद अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस बजट में उन्होंने संसाधनों और खर्चों के बीच संतुलन बिठाने की कोशिश की है. कैपिटल एक्सपेंडीचर से लेकर आम जनता खासकर मिडिल क्लास के लिए टैक्स के नियमों में छूट दी है. देश डायरेक्ट टैक्स के नियमों के आसान होने का इंतजार कर रहा था और सरकार ने इस बजट के जरिए ऐसा कर दिखाया है.

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने क्या कहा**-वित्त मंत्री ने कहा कि पब्लिक सेक्टर इंवेस्टमेंट को हमारी सरकार संतुलित करने की कोशिश कर रही है और इसके साथ ही टैक्स के नियमों को आसान बनाने के लिए भी प्रयास लगातार जारी हैं. इसके साथ ही साथ एमएसएमई सेक्टर को बड़ा कर्ज देने के जरिए उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने की कोशिश की जा रही है.

**नई टैक्स व्यवस्था के बारे में वित्त मंत्री ने**




**क्या कहा**-वित्त मंत्री ने कहा कि ये एक ऐसा बजट है जो पूरी तरह संतुलित है. हम बिना किसी कर छूट के नई टैक्स व्यवस्था बनाना चाहते हैं. हमारा फोकस ग्रीन ग्रोथ पर है. वित्त मंत्री ने कहा कि नए टैक्स सिस्टम को बेहतर और आसान बनाया गया है और इसके जरिए हम बिना किसी टैक्स छूट के नया टैक्स सिस्टम बनाना चाहते हैं.

**मध्यम वर्ग को होगा लाभः वित्त मंत्री**आयकर स्लैब में बदलाव से मध्यम वर्ग को लाभ होगा. हम एक भविष्यवादी फिनटेक को देख रहे हैं. सरकार विभिन्न क्षेत्रो में डिजिटल अर्थव्यवस्था को खोलने की कोशिश कर रही है. सरकार ने इस बार जो कैपिटल एक्सपेंडीचर में इजाफा किया है वो पहली बार दहाई अंकों में किया गया है. 10 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत निवेश परिव्यय के जरिए सरकार की प्राथमिकता देश के आर्थिक विकास को तेज करने पर है. सरकार का ध्यान रोजगार को बढ़ाने पर हैं और साथ ही इसमें तेजी लाने के प्रयासों पर हैं. भारत में फिनटेक कंपनियों के लिए बड़े अवसर आ रहे हैं सरकार इन्हें बढ़ावा देने के लिए अपनी ओर से इंसेटिव दे रही है क्योंकि ये भविष्य की मांग है. देश में देखा जाए तो एमएसएमई सेक्टर देश की आर्थिक तरक्की का इंजन है और इसे मजबूती देने के लिए ही सरकार की ओर से भारी-भरकम बजटीय आवंटन किया गया है. महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया है और देश की तरक्की में उनकी भागीदारी को और बढ़ाया जा रहा है. सरकार इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के लिए भी जोरदार तरीके से प्रयास कर रही है और औद्योगिक क्रांति 4.0 के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा. बजट में टूरिज्म सेक्टर के लिए युवाओं के प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है और पर्यटन इंडस्ट्री के लिए जो बजटीय आवंटन किया गया है वो बेहद तर्कसंगत है.

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का समापन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का समापन हो चुका है। 136 दिनों तक चली इस यात्रा पर सरसरी नजर डालें तो यह अपने नाम के विपरीत नजर आई क्योंकि बात भारत जोड़ो की हो रही थी और इसमें ऐसे लोग शामिल रहे जो अलगाववादी और टुकड़े-टुकड़े वाली मानसिकता रखते हैं। इसके अलावा इस यात्रा के जरिये ना तो कांग्रेस एकजुट हो पाई ना ही विपक्ष। यात्रा के दौरान ही कई राज्यों में कांग्रेस नेताओं ने पार्टी छोड़ी और यात्रा के समापन पर विपक्ष की एकता का जो शक्ति प्रदर्शन किया जाना था उस उद्देश्य पर पानी नहीं फिरा बल्कि पूरी बर्फ ही जम गयी। यात्रा के समापन अवसर पर शामिल होने के लिए 21 राजनीतिक पार्टियों को कांग्रेस ने न्यौता भेजा था लेकिन सिर्फ 6 ही दलों से नेता आये। जिन दलों से नेता आये उनमें द्रमुक को छोड़कर नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, रेवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग जनता की अदालत में पिटे हुए दल हैं। साथ ही इस यात्रा के दौरान जो लोग राहुल गांधी के सहभागी बने उनके नामों को देखें तो कहीं से नहीं लगता कि यह भारत जोड़ो यात्रा थी। हम आपको बता दें कि केरल में बीफ पार्टी करने वाले कांग्रेस नेता जहां यात्रा में शामिल हुए वहीं राहुल ने उन पादरी जॉर्ज पुनिया का भी आशीर्वाद लिया, जिन्होंने कहा था कि वे भारत की धरती को अपवित्र मानते हैं। तमिलनाडु में तमिल पृथकता के पक्षधर एसपी उदय कुमार राहुल गांधी के साथ चले तो टुकड़े टुकड़े गैंग के प्रमुख सदस्य कन्हैया कुमार इस यात्रा के प्रमुख किरदार रहे। देश के प्रमुख आंदोलनजीवी योगेंद्र यादव भी इस यात्रा में राहुल के साथ रहे। इसके अलावा मेधा पाटकर जैसी विकास विरोधी, 370 हटा तो कोई तिरंगा उठाने वाला नहीं होगा कहने वालीं महबूबा मुफ्ती और फारूक अब्दुल्ला, नरेंद्र मोदी के घोर विरोधी रघुराम राजन, हर्ष मंदर और प्रशांत भूषण जैसे लोग इस यात्रा में शामिल हुए। तमिलनाडु की जनता की ओर से बुरी तरह नकारे गये कमल हासन यात्रा में शामिल भी हुए और उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर राहुल गांधी का साक्षात्कार लेकर खुद को और राहुल को विशेषज्ञ राजनीतिज्ञ साबित करने का असफल प्रयास भी किया। यही नहीं यात्रा में ग्लैमर लाने के लिए पिटे हुए फिल्मी कलाकारों- स्वरा भास्कर, उर्मिला मातोंडकर, पूजा भट्ट, प्रकाश राज, रश्मि देसाई, रिया सेन, अक्षय शिम्पी, अमोल पालेकर, मोना अम्बेगांवकर, दिगांगना सूर्यवंशी, आकांक्षा पुरी, काम्या पंजाबी, निमार्ता- ओनिर, गायक- टीएम कृष्णा, निर्देशक संध्या गोखले आदि की भी मदद ली गयी। इन नामों में अधिकांश ऐसे लोग हैं जो समय-समय पर विवादों से घिरे रहे हैं। राहुल गांधी ने यात्रा के दौरान नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने जैसा लोकप्रिय नारा तो दे दिया लेकिन यदि उनके पहले दिन से लेकर यात्रा के अंतिम दिन तक के भाषण पर गौर किया जाये तो सिर्फ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ उनके मन की नफरत ही रोजाना नजर आई। इसके अलावा राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था और चीन से जुड़े मुद्दों पर सरकार को बिना तैयारी के घेर कर अपनी खिल्ली ही उड़वाई है। यात्रा के दौरान राहुल गांधी की तपस्वी के रूप में ब्रांडिंग करने की बहुत कोशिश की गयी लेकिन उसमें कांग्रेस पार्टी सफल नहीं हो पाई क्योंकि उनके ही कई नेता हिंदू और हिंदुत्व के खिलाफ अनर्गल बयान समय-समय पर देते रहे। यही नहीं कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह ने तो सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के सबूत फिर से मांग कर राहुल गांधी को बैकफुट पर ला दिया। राहुल गांधी ने टीशर्ट में ही रहने और जब तक ठंड नहीं लगेगी, तब तक जैकेट नहीं पहनने का जो संकल्प लिया था वह भी कश्मीर जाते ही टूट गया और पहले ही दिन रेनकोट और यात्रा के अंतिम दिन कश्मीरी फेरन पहन कर उन्होंने दर्शा दिया कि ठंड सबको लगती है। बहरहाल, भारत जोड़ो यात्रा संपन्न हो गयी है। यात्रा के दौरान कांग्रेस पार्टी को नया अध्यक्ष भी मिल गया है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में राहुल गांधी को पार्टी क्या भूमिका देती है। वैसे यात्रा के दौरान विभिन्न साक्षात्कारों के जरिये राहुल गांधी यह तो साफ कर ही चुके हैं कि यदि वह प्रधानमंत्री बने तो क्या-क्या करेंगे। देखना होगा कि उनकी महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए विपक्ष के अन्य दल क्या उनके नेतृत्व को गंभीरता से लेते हैं? राहुल गांधी का राजनीतिक भविष्य इस बात पर भी निर्भर करेगा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों में कितनी सफलता अर्जित कर पाती है? वैसे राहुल इस यात्रा के जरिये अपनी पार्टी के संगठन को भले खड़ा ना कर पाये हों लेकिन इतना तो उन्होंने कर ही दिया है कि जो कांग्रेस पार्टी मीडिया की खबरों से एकदम गायब हो गयी थी उसे अब प्रमुखता मिलने लगी है।

> 136 दिनों तक चली इस यात्रा पर सरसरी नजर डालें तो यह अपने नाम के विपरीत नजर आई क्योंकि बात भारत जोड़ो की हो रही थी और इसमें ऐसे लोग शामिल रहे जो अलगाववादी और टुकड़े-टुकड़े वाली मानसिकता रखते हैं।



## सम्पादकीय

### अलबेली है बजट की अबूझ पहेली

निम्नलिखित निबंध उस छात्र की कापी से लिया गया है, जिसने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है, निबंध प्रतियोगिता का विषय था–बजट। बजट जैसा कि सब जानते हैं, सरकारें बनाती हैं। यूं सरकारें बहुत कुछ बनाती हैं, पर सबसे ज्यादा वो बेवकूफ ही बनाती हैं। तो सरकारें बहुत कुछ बनाती हैं, बजट भी बनाती हैं और पब्लिक को बेवकूफ भी बनाती हैं। बजट दो तरह के होते हैं, एक तो जो कागजों में लिखा होता है, दूसरे बजट का हिसाब-किताब कागजों में न बताया जाता है, पर उसका भी घणा महत्व होता है। जैसे 100 करोड़ के ठेके दिये जायेंगे, यह बात तो बजट में लिखी जा सकती है। पर 100 करोड़ रुपये के ठेकों में कौन कितना खायेगा, मंत्री, विधायक, इंजीनियर- ये बातें नहीं लिखी जातीं। अर्थव्यवस्था दूसरे टाइप के बजट पर चलती है। महंगी कारें उन इलाकों में खूब बिकती हैं, जहां बहुत खराब क्वालिटी की सड़कें बनती हैं। महंगे डिजाइनर कुरते उन इलाकों में बहुत बिकते हैं, जहां सरकारों की वस्त्र आपूर्ति योजनाएं फ्लाप हो जाती हैं। महंगे फार्महाउस उन इलाकों में बहुत बनते हैं, जहां पर जनता को हाउसिंग देने वाली स्कीम फ्लाप हो जाती है। इस तरह से सरकारी बजट फ्लाप हो जाता है, तो कार कंपनियों के बजट, फार्म हाउस बनाने वाली कंपनियों के बजट गुलजार हो जाते हैं। सरकारों का हाल कुल मिलाकर उन कारोबारियों की कंपनियों जैसा हो जाता है, जो कंपनियां भले ही दुर्दशा में हों, पर कंपनी चलाने वालों की मौज बहार में कोई कमी नहीं आती। सरकारें भले ही वित्तीय दुर्दशा में हों, पर सरकार के मंत्रियों, विधायकों की मौज में कोई कमी नहीं आती। अधिकांश अपने-अपने लोकल स्तर पर विजय माल्या टाइप ही टॉप क्लास जीवन काट रहे होते हैं। कुल मिलाकर बजट मुक्त भारत उन लोगों के लिए होता है, जो बजट से अच्छी-खासी रकम पार कर लाते हैं। भ्रष्ट डिपार्टमेंट के भ्रष्ट अफसरों की पत्नियों के गहने, कारें देखकर यह कहना मुश्किल होता है कि भारत गरीब देश है। यूं कहा जा सकता है कि भारत ऐसा गरीब देश है, जिसमें बहुत अमीर औ? बहुत सारे गरीब लोग रहते हैं। बजट हर साल कोशिश करता है कि गरीबों के हिस्से कुछ रकम आ जाये अमीरों के पास से।

बजट एक कविता भी होता है, आधुनिक कविता, जिसे समझना मुश्किल होता है। पर कविता समझो या न समझो, इससे रकम कमाने वाले फिर भी कमा लेते हैं, इस पर लाखों के पुरस्कार झटक लाते हैं। ऐसे ही बजट है, इसे समझने वाले बहुत कम होते हैं, पर इससे कमाने वाले बहुत ज्यादा होते हैं। भारतीय जनता आम तौर पर काव्यप्रेमी नहीं है, इसलिए बजट पर ज्यादा ध्यान नहीं देती। या यूं कह सकते हैं कि भारतीय जनता बहुत समझदार टाइप है, पता है कि समझ कर भी क्या होगा।

# नये अवतार में शिवराज सिंह चौहान

मध्य प्रदेश में इन दिनों बीजेपी पूरी तरह चुनावी रंग में है। पिछले विधानसभा चुनाव में मात खा चुकी पार्टी अब येन-केन-प्रकारेण अगला चुनाव जीतने की जुगत में है। पार्टी भले ही अभी खुलकर चुनावी मुहिम पर नहीं लगी हो, पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने जरूर मोर्चा संभाल लिया। तीन महीने में जनता को उनका रूप बदला हुआ नजर आने लगा है। वे अब पहले वाले शिवराज नहीं रहे! मंच पर भी वे कुर्सी पर नहीं बैठते, बल्कि माइक हाथ में लेकर घूमते हुए जनता से बात करते और अफसरों को धमकाते नजर आते हैं। जनता इनके इस बदले रूप से चमत्कृत है। पहली बार वे उस शिवराज से मुखातिब हैं, जो सीधे कोड़ा फटकारते दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री के इस रौद्र रूप से अफसरों में घबराहट है, पर जनता खुश है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरकार के सिस्टम को सुधारने के क्रम में दस-बारह अधिकारियों और कर्मचारियों को मंच से ही सस्पेंड कर दिया। इसी साल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में जरूरी था कि जनता और सरकार के बीच की दूरी को पाटा जाए। जनता को कुछ ऐसा दिखाया जाए, जो नया हो! शिवराज सिंह की राजनीतिक शैली है कि वे घोषणाएं करने में कभी नहीं चूकते! कहीं से मांग उठी कि एक नई घोषणा कर दी। इनमें कुछ पूरी होती है, कुछ लोग भी भूल जाते हैं और सरकार भी! ऐसे में जनता को आकर्षित करने का सबसे आसान तरीका था कि उन्हें मंच से ही सरकार के एक्शन दिखाए जाएं! सिर्फ मौखिक शिकायत पर मुख्यमंत्री के अफसरों और कर्मचारियों को बिना जांच-पड़ताल के सस्पेंड करने के आदेश से गांव की जनता तालियां पीटने लगती है। उन्हें लगता है कि मुख्यमंत्री ने सही तो किया। लेकिन, बाद में कोई शायद ही पता करता होगा कि सस्पेंड हुए अधिकारियों और कर्मचारियों का क्या हुआ! क्योंकि, लोग सिर्फ तात्कालिक प्रतिक्रिया से खुश होते हैं, बाद में क्या हुआ, इससे उन्हें कोई वास्ता नहीं! पिछले दिनों शिवराज सिंह औचक निरीक्षण के लिए डिंडौरी पहुंच गए। वहां बांध निर्माण के काम में भ्रष्टाचार के आरोप में तीन बड़े अफसरों को सस्पेंड कर दिया। इससे पहले बड़वानी और बैतूल जिले में मंच से ही कई अफसरों और कर्मचारियों को निलंबित करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री आजकल सीधे जनता के बीच जा रहे हैं। वे किसानों, ग्रामीणों की समस्या सुन रहे हैं। मंच से ही मौजूद जनता से सवाल करते हैं, जवाब लेते हैं और कार्रवाई के निर्देश देते हैं। लोगों ने ऐसा पहले कभी न देखा है न सुना है! मुख्यमंत्री अपने भाषणों में गुंडे-माफियाओं को भी चेतावनी देते हैं। अब उन्होंने आदिवासी युवतियों से शादी करके आदिवासियों की जमीन की अफरातफरी करने वालों को भी धमकाना शुरू कर दिया। उन्होंने इसे भी ह्यलव जिहादह्न का नाम दिया। शिवराज सिंह आजकल नया मध्य प्रदेश बनाने की भी घोषणा कर रहे हैं। अपने खास अंदाज में ये भी कहते हैं कि ह्यप्रदेश में अब कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जेल जाएगा।ह्न हर मंच से मुख्यमंत्री एक ही बात दोहराते हैं कि अगर जनता को कोई दिक्कत हुई, तो मामा उसको छोड़ेगा नहीं। शिवराज सिंह चौहान इन दिनों हेलीकॉप्टर से औचक दौरा कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन को भी अंतिम समय में मुख्यमंत्री के आने की जानकारी दी जाती है। उनकी इस एक्शन वाली भूमिका से सरकारी अमले को समझ नहीं आ रहा कि क्या किया जाए! क्योंकि, अब मुख्यमंत्री किसी भी शिकायत पर कार्रवाई कर सकते हैं। मुख्यमंत्री का यह अंदाज पूरी तरह चुनावी है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि, ये मुख्यमंत्री का पहला कार्यकाल नहीं है। वे 18 साल से प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। फिर क्या कारण है कि अभी तक उनका यह अंदाज कभी नजर नहीं आया! उनके इतने लम्बे कार्यकाल के बाद भी यदि अफसर-कर्मचारी लापरवाह हैं, तो इसका जिम्मेदार कौन है! निश्चित रूप से इसके लिए सरकार के अलावा कोई और नहीं! मुख्यमंत्री का यह अंदाज पहली बार पिछले साल सितम्बर में लोगों ने देखा था। उन्होंने आदिवासी छात्रों से फोन पर दुर्व्यवहार करने वाले झाबुआ के एसपी को तत्काल हटा दिया था। बताते हैं कि सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें एसपी अरविंद तिवारी छात्रों से अशोभनीय व्यवहार करते सुनाई दे रहे थे। मामला संज्ञान में आते ही मुख्यमंत्री ने मामले की रिपोर्ट मांगी और उन्हें निलंबित कर दिया। इन छात्रों ने अपनी सुरक्षा को लेकर एसपी से गुहार लगाई थी। लेकिन, एसपी ने सुरक्षा देने के बजाय उन्हें फटकार दिया था। इस घटना के अगले दिन कलेक्टर सोमेश मिश्रा को भी हटा दिया। अब मुख्यमंत्री गांव के लोगों और किसानों से सीधे मिलते हैं, उनकी शिकायत सीधे सुनते हैं और अफसरों को सस्पेंड करने में देर नहीं करते! शिवराज इन दिनों अपनी जननेता की छवि बनाना चाहते हैं। वे पूरी तरह चुनाव के मूड में आ गए और चुनाव जीतने का कोई मौका गंवाना नहीं चाहते! लेकिन, कहीं ऐसा न हो कि छोटे अफसरों और कर्मचारियों को टांगने का उनका अंदाज उनके गले पड़ जाए! क्योंकि, चुनाव में इन्हीं लोगों की भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण होती है।

> पार्टी भले ही अभी खुलकर चुनावी मुहिम पर नहीं लगी हो, पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने जरूर मोर्चा संभाल लिया। तीन महीने में जनता को उनका रूप बदला हुआ नजर आने लगा है। वे अब पहले वाले शिवराज नहीं रहे!

# राम मंदिर के लिए नेपाल के सहयोग से मजबूत होंगे भारत-नेपाल के रिश्ते

**अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर के मुख्य गर्भगृह में नेपाल की पवित्र नदी काली गण्डकी में मिली शिलाओं से भगवान राम की बाल स्वरूप और माता सीता की मूर्तियों का निर्माण किया जाएगा। इन शिलाओं से मूर्ति बनने में नौ माह का समय लगेगा।**

चीन या अन्य कोई देश कितनी भी कोशिश करे, भारत-नेपाल के सदियों से चले आ रहे रोटी-बेटी और श्रद्धा-आस्था के रिश्ते कभी कम नहीं होंगे। रिश्ते खराब करने की चीन की कोशिश जारी है, इसके बीच नेपाल ने अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर के रामलला के बाल स्वरूप और सीतामाता की मूर्ति बनाने के लिए पवित्र काली गंडकी नदी से निकलने वाले शालीग्राम की बड़ी शिलाएं भेजी हैं। नेपाल के जानकी मंदिर के निवासियों ने इस राम मंदिर में लगने वाली भगवान राम की मूर्ति के लिए धनुष भी भेजा है। नेपालवासियों के राम मंदिर के लिए दिये जा रहे इस सहयोग से भारत और नेपाल के प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक रिश्ते और मजबूत होंगे और सुदृढ़ होंगे। किसी दूसरी शक्ति के हथकंड़े आस्था के इन रिश्तों को कमजोर नही कर सकते। अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन रहा है। इस मंदिर के निर्माण के कार्य जारी हैं। मंदिर के लिए देश के अंदर ही धन संग्रह का बड़ा अभियान चला। देशवासियों ने दोनों हाथों की अंजुरी भरकर मंदिर के लिए दान दिया। देश से ही इतना धन और सोना-चांदी एकत्र हो गया कि बाहरी सहयोग की जरूरत ही नहीं पड़ी। धीरे-धीरे मंदिर अपना स्वरूप लेने लगा है। दुनिया भर के हिंदू धर्मावलंबी भव्य मंदिर को बनता देख कर गौरव महसूस कर रहे हैं। सबकी इससे आस्थाएं जुड़ी हैं। वे इसमें सहयोग करना चाहते हैं। ऐसा ही बड़ा प्रयास नेपाल में हुआ। करीब सात महीने पहले नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री बिमलेन्द्र निधि ने राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट के समक्ष प्रस्ताव रखा कि अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के इतने भव्य मंदिर का निर्माण हो ही रहा है तो जनकपुर और नेपाल की तरफ से इसमें कुछ ना कुछ योगदान होना चाहिए। बिमलेन्द्र



निधि जानकी यानी सीता की नगरी जनकपुरधाम के सांसद भी हैं। मिथिला में बेटियों की शादी में ही कुछ न कुछ देने की परम्परा रही है। बल्कि शादी के बाद भी अगर बेटी के घर में कोई शुभ कार्य हो रहा हो या कोई त्यौहार मनाया जा रहा हो तो आज भी मायके से कुछ ना कुछ संदेश किसी ना किसी रूप में दिया जाता है। इसी परंपरा के तहत बिमलेन्द्र निधि ने ट्रस्ट और उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ही भारत सरकार के समक्ष भी ये इच्छा जताई कि अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर में जनकपुर का और नेपाल का कोई अंश रहे। भारत सरकार और राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से हरी झंडी मिलते ही हिन्दू स्वयंसेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद ने नेपाल के साथ समन्वय करते हुए ये तय किया कि चूंकि अयोध्या में मंदिर का निर्माण दो हजार वर्षों के लिए किया जा रहा है, इसलिए इसमें लगने वाली मूर्ति में उस तरह का पत्थर लगाया जाए जो इतने समय तक चल सके। इसके लिए नेपाल सरकार ने कैबिनेट की बैठक में पवित्र काली गंडकी नदी के किनारे निकलने वाले शालीग्राम के पत्थरों को अयोध्या भेजने के लिए अपनी सहमति दे दी। सहमति के बाद इस तरह के पत्थर को ढूंढ़ने के लिए नेपाल सरकार ने जियोलॉजिकल और आर्किलॉजिकल समेत वाटर कल्चर को जानने, समझने वाले विशेषज्ञों की एक टीम बनाई और गंडकी नदी क्षेत्र में भेजी। इस टीम ने अयोध्या भेजने के लिए जिन दो पत्थर का चयन किया वह साढ़े छह करोड़ साल पुराने हैं। इसकी आयु अभी भी एक लाख वर्ष तक रहने की बात बताई गई है। जिस काली गंडकी नदी के किनारे से ये पत्थर लिये गए हैं, वो नेपाल की पवित्र नदी है। ये दामोदर कुंड से निकल कर भारत में गंगा नदी में मिलती है। दुनिया की ये अकेली ऐसी नदी है, जिसमें शालीग्राम के पत्थर पाए जाते हैं। इन शालिग्राम की आयु करोड़ों साल की होती है। इतना ही नहीं भगवान विष्णु के रूप में शालीग्राम पत्थरों की पूजा की जाती है। इस कारण से इन पत्थरों को देवशिला भी कहा जाता है। इन पत्थरों को यहां से उठाने से पहले विधि-विधान के हिसाब से क्षमा पूजा की गई। फिर क्रेन के सहारे पत्थरों को ट्रक पर लादा गया। एक पत्थर का वजन 27 टन जबकि दूसरे पत्थर का वजन 14 टन बताया गया है। यह शिलाएं जहां-जहां से गुजर रही हैं, वहां पूरे रास्ते भर में भक्तजन और श्रद्धालु इसके दर्शन और पूजन कर रहे हैं। शिलाओं को देखकर लगता है कि वह शिला नहीं अपितु भगवान राम और माता सीता की मूर्ति हों। इन शिलाओं को अच्छी तरह सजाया गया है। गंडकी प्रदेश के संस्कृति मंत्री पंचराम तमु ने कहा कि पोखरा में गंडकी प्रदेश सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री खगराज अधिकारी ने इसे जनकपुरधाम के जानकी मंदिर के महंत को विधिपूर्वक हस्तांतरित किया है। हस्तांतरण करने से पहले मुख्यमंत्री और प्रदेश के अन्य मंत्रियों ने इस शालीग्राम पत्थर का जलाभिषेक किया। गंडकी प्रदेश के संस्कृति मंत्री पंचराम तमु ने कहा कि भारत और नेपाल हिन्दुत्व के नाते से आपस में भी जुड़े हैं। ये भगवान के नाते से भी जुड़े हैं। हम ये शिलाएं ये समझकर भेज रहे हैं कि भारत के साथ हमारा जो आत्मीय संबंध है, भगवान राम के साथ जो आत्मीय संबंध है वो कभी नहीं टूटे। अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर के मुख्य गर्भगृह में नेपाल की पवित्र नदी काली गण्डकी में मिली शिलाओं से भगवान राम की बाल स्वरूप और माता सीता की मूर्तियों का निर्माण किया जाएगा। इन शिलाओं से मूर्ति बनने में नौ माह का समय लगेगा। उधर रामजन्म भूमि तीर्थक्षेत्र के सदस्य कामेशवर चौपाल के अनुसार, नेपाल से आने वाली शिलाओं के मूर्ति निर्माण से बचे छोटे-छोटे कणों को भी आवश्यकता के अनुसार प्रयोग किया जाएगा। इन शिलाओं का प्रत्येक कण कीमती है, इन कणों को राम दरबार में भी लगाया जा सकता है। सनातन परंपरा के अनुसार शालिग्राम को विष्णु के स्वरूप में पूजते हैं। इसलिए ट्रस्ट का प्रयास होगा कि इन शालिग्राम शिलाओं का कोई कण भी व्यर्थ न जाए।

अम्बाह की जनता से मिला प्यार हमेशा याद रखूंगा अमोल सिंह

## अम्बाह थाने में पदस्थ एएसआई अमोल सिह व मानसिह का बिदाई समारोह सम्पन्न...

केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह




आज अम्बाह थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक अमोल सिंह व मानसिह जी का बिदाई समारोह आयोजित किया गया वह दौनो अपने 62 बर्षो का कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हो रहे थे इस मौके पर अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा ने उन्हें शॉल श्रीफल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया एवं उन्हें आगे के अपने जीवन मे खूब पूजा पाठ भक्ति कर जीबन बच्चों के साथ रहकर समाज की सेवा करें ऐसा कहा वहीं हाल मे एसडीओपी का प्रमोसन हुये थाना प्रभारी अम्बाह जितेन्द्र नगाइच एवं अम्बाह थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक बैधराज सिह परिहार, व जितेन्द्र शर्मा, पारथसिह परिहार,बिबेक तोमर, पंकज यादव, ने स्मृति चिन्ह भेंट किया एवं शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया इस मौके पर सहायक उपनिरीक्षक अमोल सिंह जी ने कहा कि अम्बाह की जनता से मिला प्यार हमेशा याद रखूंगा यह बात अम्बाह थाने में पदस्थ सेवानिवृत्त सिंह ने कही इस मौके पर समस्त पुलिस स्टाप एवं एसडीओपी कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे..

## नपा रौन को अधिकारियों ने बनाया भ्रष्टाचार का अड्डा :गुड्डू वाल्मीकि

### न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 एवं मजदूरी भुगतान धिनियम 1936 किया जा रहा उल्लंघन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**रौन (भिण्ड)** । नगर परिषद रौन में लगभग 32 सफाई कर्मचारियों को 1 साल से नहीं मिला वेतन तथा 17 सफाई कर्मचारियों को 5000 रूपये वेतन का भुगतान कर आर्थिक शोषण किया जा रहा है यह बात राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू वाल्मीकि ने सीएमओ की अनुपस्थिति में सहायक ग्रेड 3 अधिकारी गीता शर्मा को दिए ज्ञापन में कहीं। ज्ञापन के माध्यम से एडवोकेट श्री वाल्मीकि ने बताया है कि नगर परिषद रौन में अस्थाई सफाई कर्मचारियों को 5000 रुपये वेतन का भुगतान किया जा रहा है जो कि न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 एवं मजदूरी भुगतान अधिनियम में दिए प्रावधानों का उल्लंघन है तथा लगभग 12



सफाई कर्मचारियों को करीब 18 माह से तथा लगभग 20 अस्थाई सफाई कर्मचारियों को 10 माह से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे सफाईकर्मियों की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है अगर सफाई कर्मचारियों का शोषण बंद नहीं किया गया है तो उच्च अधिकारियों से शिकायत कर वैधानिक कार्यवाही की मांग की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है नगर परिषद रौन के अधिकारियों ने निकाय को भ्रष्टाचार का अड्डा बना लिया है। इस मौके पर यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव रूपेश पाथरे,मीडिया प्रभारी रजत बंटी पाथरे,नीरज करोसिया,संजय, दीपक,लालू, सरोज,ऊषा,विनोद, दीपक,गोलू, विपिन बबलू,सतीश आदि सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## महंगाई कम करना तो प्रदेश से भाजपा को हटाना होगा : मानसिंह कुशवाहा

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड** । मेहगांव में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र गुड्डू नरवरिया के नेतृत्व में धान मिल के पीछे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा,जिला महासचिव अमित दांतरे,वरिष्ठ नेता राहुल भदोरिया प्रमुख रूप से उपस्थित हुए उपस्थित होते हुए उन्होंने कहा सरकार किसान मजदूर आमजन महंगाई बेरोजगारी हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है जरूरत है,केवल जन जन तक जाकर सरकार की विफलताओं की कलई खोलने की जनता पूर्ण रूप से मन बना चुकी है आने वाले 2023 में मध्य प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ होगा । सभी कार्यकर्ता प्रणपथ से जुटकर युवा विरोधी किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करना होगा इस मौके पर जयराम गर्ग, शुभम आजाद,धर्मेंद्र सिंह,दिनेश जाटव,रामअवतार गर्ग,विष्णु सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने जलाया ईडी के निदेशक का पुतला

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड** । मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह को 4 साल पुराने मामले में गवाही के लिए ईडी ने नोटिस भेजा है भेजे गए नोटिस के विरोध में शहर जिला कांग्रेस ने ईडी के निदेशक संजय मिश्रा का पुतला फूंका इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा माननीय डॉ गोविंद सिंह जनप्रिय स्वच्छ छवि के नेता है उन्होंने अपने कार्यकाल में आज तक ऐसा कोई कार्य नहीं किया जिससे कि उनकी छवि खराब हो अभी हाल ही में उन्होंने मध्यप्रदेश में भाजपा नेताओं का सीडी कांड को पूरे जोर-शोर से उठाया है इन सब घटनाओं को लेकर बीजेपी सरकार नेता प्रतिपक्ष माननीय डॉ गोविंद सिंह की बुलंद आवाज को दबाना चाहती है। इस अवसर पर शहर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी का उपयोग कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेताओं को दबाव में लाने के लिए कर रही है जो कि सही नहीं है भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रिया है।ईडी को निष्पक्ष रूप से कार्य करना चाहिए डॉ गोविंद सिंह स्वच्छ छवि के ईमानदार नेता है जो समय समय पर जनता जनहित के मुद्दों को उठाते रहते हैं उनकी जन हितेषी आवाज को दबाने के लिए भाजपा की सरकार ने ईडी के माध्यम से उनको नोटिस भेजा है,ऐसा करना बहुत ही गलत है नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह भिंड से लेकर भोपाल तक जनता की आवाज को पुरजोर तरीके से उठा रहे हैं और भाजपा की सरकार ईडी के माध्यम से उनकी आवाज को दबाना चाहती है।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हमारे नेता डॉक्टर गोविंद सिंह पिछले कुछ समय से मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के सामने ला रहे थे और उन्होंने मध्यप्रदेश विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों की पोल खोल दी नेता प्रतिपक्ष माननीय डॉ गोविंद सिंह जी की ईमानदार और जन हितेषी कार्यप्रणाली से परेशान होकर भाजपा सरकार उन पर ईडी के माध्यम से दबाव बनाकर उनकी आवाज को बंद करना चाहती है। डॉ गोविंद सिंह जी ईमानदार और स्वच्छ छवि के नेता है अपनी इसी लोकप्रियता के कारण वह 35 सालों से लगातार लहार विधानसभा से विधायक बन रहे हैं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर मोहम्मद कुरेशी,कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ,डॉ राधेश्याम शर्मा,नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी,रामहर्ष सिंह कुशवाह ,रेखा भदोरिया,रामअवतार सिंह भदौरिया, शेखर शुक्ला, पान सिंह सुमन, प्रमोद जैन डब्बू ,रईस खान,संदीप मिश्रा शिव शंकर भदौरिया सुखप्रीत मिश्रा, सूरजपाल सिंह राजावत, शैलेंद्र भदौरिया, राजेश शर्मा ,रामहेत शाक्य, कमलेश जाटव, रामप्रकाश जाटव, विनोद जाटव ,हिम्मत सिंह हरिऔध इरशाद कुरैशी ,बृजेंद्र सिंह कल्लू ,वीरेंद्र यादव,अजय जैन ,अजय विमल, कामिल खान ,दर्शन सिंह तोमर, अजय शर्मा पिंटू शर्मा ,रमेश सिंह राजावत, दुष्यंतसिंघई, मोहम्मद इरफान,विजय दैपुरिया,प्रदीप भदौरिया आदि कांग्रेस उपस्थित रहे।



## कण -कण में प्रभु फिर भी दुःख क्यों :पाठक

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड** । शहर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस के शुभारम्भ पर कलशयात्रा निकाली गयी जो की वाटरवर्क्स राम मंदिर से आरंभ होकर कुमरहुआ गायत्री मंदिर होते हुए शासकीय क्र. 2 स्कूल के पास स्थित महारानी अवंतीबाई मांगलिक भवन पर समाप्त हुई। इसके साथ ही कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास संत श्री अनिल पाठक जी महाराज ने बताया की जिस प्रकार दुख का पर्यायवाची संसार है ठीक उसी प्रकार सुख का पर्यायवाची भगवान है। जब हम कथा अमृत का पान करते हैं तब हमें कितना आनंद आता है यह आवश्यक नहीं कि आपके चेहरे पर मुस्कान हो आप प्रसन्न हो तभी आप आनंद में हों बल्कि ?ब आपको अंदर से जो शांति प्राप्त होती है वह आनंद केवल भगवान के नाम और सुमिरन से ही आता है। यदि ऐसा आनंद ऐसी शांति यदि घर पर भी बनी रहे तो मानो कि आपको आत्मज्ञान हो गया, आपका मन वास्तव में भगवान के भजन में लगने लगा। क्योंकि भगवान ही है जो आनंद स्वरूप है। व्यास जी ने कहा की यहां एक प्रश्न यह बनता है, कि जब भगवान आनंद स्वरूप है, सब जगह हैं, कण-कण में व्याप्त हैं फिर दुख क्यों बनता है, आज के समय में सबके पास दुःख ही दुख है? तो बताया की ईश्वर तो सबको एक जैसा ही बनाता है परंतु व्यक्ति स्वयं ही अपने कर्मानुसार अपने दुख की सृष्टि का निर्माता स्वयं ही बनता है।जिस दिन से मनुष्य अपने कर्म को जो साधन बना लेता है वहीं से उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।



## नियम और कायदे शक्ति से निभाने वाले तो विभाग और वही दोनों विभाग नियम कानूनों को तोड़ते नजर आ रहे हैं





जितेंद्र राय

वहीं एक विभाग के अधिकारी दूसरी विभाग के अपनी हीकार्यालय की बाउंड्री और पेड़ पौधे नहीं बचा सके और रेलवे विभाग के अधिकारी और ठेकेदार वन विभाग की बाउंड्री और पेड़ पौधे तोड़कर अपनी मनमर्जी से कार्य करते नजर आ रहे हैं देखा जाए रेलवे विभाग मुंगावली गेट क्रमांक 15 पर बन रहे अंडर ब्रिज निर्माण कार्य चल रहा है जब इस संबंध में रेलवे साइट इंजीनियर चेतन जैन से बाउंड्री और पेड़ तोड़ने की बात की गई उनका कहना है कि इस संबंध में हम कुछ नहीं कह सकते भोपाल पीआरओ से बात कीजिए और भोपाल पीआरओ से बात करते हैं तो उनका कहना है हम जानकारी लेकर आपको सूचित कर सकते हैं और वन विभाग के रेंजर और डीएफओ का कहना है हमारे विभाग से बाउंड्री और पेड़ तोड़ने की कोई अनुमति प्रदान नहीं की गई रेलवे विभाग को देखा जाए तो रेलवे विभाग और ठेकेदारी की मनमानी के चलते वन विभाग अपनी ही भूमि पर और पेड़ पौधे नहीं बचा सका और ऐसा लगता है कि कहीं ना कहीं रेलवे विभाग के अधिकारी और वन विभाग के अधिकारी अपनी-अपनी सांठगांठ कर और नियम कायदों को ताक पर रखकर अपनी जिम्मेदारियों का पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं ऐसा लगता है कि नियम और कायदे सिर्फ आम जनता के लिए ही बनाए गए हैं देखने में लगता है एक विभाग दूसरे विभाग को कोई भी निर्माण कार्य तोड़ने और बनाने के लिए विभागों पर कोई भी नियमों का पालन करने की आवश्यकता नहीं होती नजर आ रही हैदेखा जाए तो एक विभाग दूसरे पर क्या कार्यवाही करते नजर आएंगे

## सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडां का छठां वार्षिकोत्सव सम्पन्न

पुष्पाजंलि टुडे

**हैदराबाद।** करमनघाट स्थित अलमासगुड़ा सीरवी समाज की आस्था का केन्द्र श्री आईमाता मंदिर मे सीरवी समाज बन्धुओं के सानिध्य मे श्री आईमाताजी मंदिर के दो दिवसीय छठां वार्षिकोत्सव व ध्वजा रोहण समारोह 30 जनवरी जागरण व 31 जनवरी प्रातः वेला मे पूजा-अर्चनाकर ध्वजा रोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष हँसाराम आगलेचा, सचिव हीरालाल सैणचा ने संयुक्तरुप से बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओ के सानिध्य मे छठां वार्षिकोत्सव व ध्वजा रोहण समारोह आयोजित किया गया। 30 जनवरी को शाम श्री आईमाता मंदिर, श्री शीतलामाता मंदिर, श्री सोनाणा खेतलाजी व श्री बाबा रामदेवजी मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग से सजाकर, माई का श्रृंगारकर रात्रि 9.15 बजे से जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे श्री आईमाताजी भजन मंडली करमनघाट के गायकारों ने माई के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित किये। माघ सुदी दसम 31 जनवरी को प्रातः वेला मे पूजा-अर्चनाकर 9.15 बजे सचिव महोदय हिरालाल सैणचा गाँधीनगर बडंगपेट के सैणचा निवास स्थान पर सभी समाज बन्धुओं के लिए नाश्ता कि व्यवस्था की गई उसके बाद सभी समाज के लिए एवं कार्यकारिणी एवं सभी ध्वजा के **लाभार्थी परिवार से पुजा करने के बाद गाजे-बाजे के**-साथ नाचते-गाते हुए ध्वजा व ज्योत श्री आईमाता मंदिर लाई गयी। श्री आईमाता मंदिर की ध्वजा हिरालाल, सुपुत्र स्व-ओगड़राम सैंणचा, श्री सोनाणा खेतलाजी की ध्वजा मनाराम, हंसाराम स्व. नैनाराम आगलेचा, श्री बाबा रामदेवजी की ध्वजा शेषाराम, पुखराज स्व. अमराराम सोयल व श्री शीतला माताजी की ध्वजा तेजाराम, रामलाल, हीरालाल सोयल परिवार द्वारा चढायी गयी। पुजारी हंबाराम सोलंकी द्वारा पुजा अर्चना व महाआरती के पश्चात् पधारे सभी समाज बन्धुओं व अतिथियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मंदिर प्रांगण में की गयी।जिसका समाज बन्धुओं ने सपरिवार लाभ लिया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के सचिव महोदय सह सचिव महोदय पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। अवसर पर अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा उपाध्यक्ष मुलाराम चोयल एवं सचिव महोदय हिरालाल सैणचा मिडिया प्रभारी अमराराम सिन्दडां ने सभी समाज बन्धुओं एवं माताओं बहनों से नशा पर प्रतिबंध के समाज में सहयोग देने की बात की गई सभी बच्चों को बाल संस्कार से जुड़ना चाहिए श्रीमती ललिता देवी काग ने भी समाज के लिए सुझाव दिया इसी के साथ सभी समाज बन्धुओं को धन्यवाद देते हुए हिरालाल सैणचा आज कार्यक्रम को समाप्त किया ।



## वरिष्ठ साहित्यकार रमेश गोहिया का निधन,नम आंखों से दी अंतिम बिदाई

**सीहोर।** वरिष्ठ साहित्यकार श्री रमेश गोहिया का आज भोपाल के पालीवाल हॉस्पिटल में निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे और विगत कुछ माह से अस्वथ्य थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर के साहित्य और पत्रकारिता जगत में शोक व्याप्त हो गया।दोपहर ढाई बजे चड़तीमल स्थित निज निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में परिवारीजन, साहित्यकार, पत्रकार और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।छावनी बड़ियाखेड़ी स्थित मुक्ति धाम में उनकी चिता को उनके पुत्र देवऋषि गोहिया और हिमालय गोहिया ने मुखाग्नि दी। तत्पश्चात शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें स्व. गोहिया की आत्म शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया।**गौरतलब है कि रमेश गोहिया**-प्रदेश के वरिष्ठ गीतकार, साहित्यिक संस्था सृजन साहित्य परिषद के अध्यक्ष, कलमकार साहित्य परिषद भोपाल के संस्थापक सदस्य थे। वह भोपाल विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में तात्कालिक विषय पर आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेता रहे और स्व. जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित थे। श्री गोहिया इंदौर से प्रकाशित साप्ताहिक लाल भारत के जिला संवाददाता भी रहे। उन्होंने आकाशवाणी केंद्र भोपाल से अनेक दशकों तक काव्य पाठ किया। आप अभा कवि सम्मेलनों और काव्य गोष्ठियों के प्रमुख कवि, गीतकार के रूप में ख्याति प्राप्त थे। अत्यंत विनम्र, मृदुभाषी पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अतंर्गत आने वाले बाल संप्रेक्षण गृह भोपाल से अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी थे। श्री रमेश गोहिया वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया, यूटीआई कल्याण (मुंबई) में मैनेजर (प्रबंधक) शैलेंद्र गोहिया के बड़े भाई, देव ऋषि गोहिया एवं पत्रकार हिमालय गोहिया के पूज्य पिताजी थे। उनके निधन से साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। विधायक श्री सुदेश राय, पूर्व विधायक श्री रमेश सक्सेना, पूर्व विधायक श्री मदनलाल त्यागी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री बलबीर तोमर, नपा अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री राकेश राय आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



## बोर के लोडिट कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार एवं एक जिन्दा राउंड के साथ गिरफ्तार




पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

पुलिस अधीक्षक भिंड शैलेंद्र सिंह चौहान के द्वारा जिले में गुंडों बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश में अति पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे एवं अनुविभागीय अधिकारी गोहद आर के एस राठौर के मार्गदर्शन में गुंडों बदमाशों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव ने टीम के साथ बदमाश गंगू पुत्र लालाराम जाटव उम्र 20 साल निवासी इंद्राआवास कॉलौनी चक तुकेडा 315 का लोह का कट्टा एक जिन्दा राउंड के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी गंगू जाटव जेल भेजा गया सराहनीय कार्रवाई में उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव, ए एस आई नारायण सिंह धारिया, प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला, आरक्षक सोनू सिंह, आरक्षण रामवरन सिंह सराहनीय योगदान रहा

## मंत्री कप का हुआ आगाज पिचपर बैठ लेकर उतरे राज्य मंत्री

मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय–

1 फरवरी को मंत्री कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ ग्रमीण ग्यानालय परिवार द्वारा किर्केट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री राव बृजेंद्र सिंह यादव और भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने किर्केट मैदान पर उतर कर मैच का सुभारम्भ किया गया राज्यमंत्री ने बेट थामा और दीपक पालीवाल ने बॉल डाली साथ मे मंडल अध्यक्ष राजेश यादव नगर परिषद प्रतिनिधि नरेश ग्वाल मनीष मोदी आधार सिंह यादव धनपाल सिंह यादव बलवीरसिंह यादव ग्रामीण ज्ञानालय संयोजक अर्जुन यादव एवं मुंगावली विधानसभा के सभी मोर्चो के मंडल अध्यक्ष एवं अतिथि गण मौजूद रहे। टूर्नामेंट का उद्घाटन सुंदरकांड पाठ व मंत्री जी द्वारा रिबन काटकर किया गया टूर्नामेंट का पहला मैत्री मैच पत्रकार इलेवन मुंगावली वर्सेस नगर परिषद 11 मुंगावली के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार इलेवन ने 92 रन बनाए जिस पत्रकार 11 की तरफ से स्वदेश शर्मा ने शानदार 65 रनों की पारी खेली जवाब में खेलने उतरी नगर परिषद की टीम ने 8ओवर के लास्ट 4 गेदो में मैच को जीत लिया।टूर्नामेंट का पहला मैच टीला 11 और चमराई इलेवन के बीच खेला गया।जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए टीला इलेवन ने 8 ओवरों में 128 रन बनाए जवाब में खेलने उतरी चमराई की टीम मात्र 74 रन बना सकी और टीला इलेवन ने 54 रनों से मैच को जीत लिया टीला 11 की तरफ से गौरव यादव मैन ऑफ द मैच रहे दूसरा मैच वार्ड क्रमांक 13 मुंगावली वर्सेस बजावन 11 के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बजा 11ने 10 ओवरों में 87 रन बनाए वार्ड 13 ने चेंज करते हुए मात्र 6 ओवरों में ही मैच जीत लिया वार्ड 13 की तरफ से मैन ऑफ द मैच शामिल यादव रहे।आयोजन समिति ज्ञानालय परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## राम राज्याभिषेक के साथ नौ दिवसीय श्री राम कथा का हुआ समापन

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह



सिरोंज /लटेरी - स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति न्यास एवं श्री राम कथा आयोजन समिति के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राम कथा वाचक प्रेम मूर्ति पंडित प्रेमभूषण महाराज के मुखारविंद से भव्य श्री राम कथा का आयोजन लटेरी के हनुमान सरोवर स्थित तपोवन भूमि आश्रम तालाब के मेला ग्राउंड में चल रहा था 24 जनवरी से स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रारंभ हुई श्री राम कथा से नगर में राजा राम की नगरी अयोध्या जैसा वातावरण निर्मित हो गया प्रत्येक व्यक्ति श्री राम कथा के रस में डूब गए आज समापन दिन की राम कथा में पंडित प्रेमभूषण महाराज ने हनुमान और सुग्रीव की राम से भेंट बाली का वध,लंका दहन, सेतु निर्माण मेघनाथ और रावण कुंभकरण के वध का वर्णन किया। महाराज ने कहा कि भगवान का आगमन तो धरती पर धर्म की रक्षा और असुरों के नाश के लिए ही हुआ है संपूर्ण सृष्टि में रावण से बड़ा आतंकी कोई नहीं था लेकिन श्रीराम ने वानर भालुओ का संग्रह कर धर्म की रक्षा हेतु रावण रूपी अधर्म का नाश किया और धर्म की ध्वजा फहराई। अंत में सज्जनों को भय मुक्त किया और पुष्पक विमान में विराज कर भगवान अयोध्या पधारे हैं जो अयोध्या 14 वर्षो से भगवान की प्रतीक्षा कर रही थी वह आनंद में डुब उठी उत्सव और मंगल गान प्रारंभ हो गए बधाइयां बजने लगी भक्तों ने भी कई कुंटल फूल बरसा कर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का उत्सव मनाया और राम राज्याभिषेक के साथ नौ दिवसीय श्री राम कथा का समापन हुआ। कथा के समापन के बाद क्षेत्र के समस्त राम भक्तों को भव्य प्रसादी वितरण की गई आज की राम कथा मैं भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था संपूर्ण मेला ग्राउंड खचाखच भरा हुआ था और चारों तरफ राम भक्त ही दिखाई देते थे । व्यास जी महाराज प्रेम मूर्ति पंडित प्रेमभूषण महाराज ने भी लटेरी के लोगों के उत्साह को देखकर कहा कि जब जब लटेरी के लोग मुझे बुलाएंगे मैं रामकथा करने जरूर आऊंगा आज की राम कथा के बाद स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा के जीवन पर प्रदर्शित चित्र प्रदर्शनी राम दरबार की झांकी का अवलोकन भी भक्तों ने किया । साथ ही लटेरी में गोवंश की रक्षार्थ भव्य गौशाला का भूमि पूजन पूजा पंडित प्रेमभूषण जी महाराज और क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा के माध्यम से किया गया

## संगोली रायण्णा अभिमानी संघ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



पुष्पाजंलि टुडे

बेंगलुरू संगोली रायण्णा अभिमानी संघ द्वारा गोविंदराज नगर स्थित कबड्डी मैदान में आयोजित रक्तदान शिविर मैं युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया एकत्रित रक्त का संग्रहण राष्ट्रोथाना रुधिर संस्थान ने किया मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए संघ के अध्यक्ष रवि एवं अन्य सदस्यों ने महेंद्र मुणोत को सम्मानित किया ।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस की कार्यवाही जारी है कोतवाली पुलिस की रात्रि चेकिंग

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**



**भिंड** आज रात्रि में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शैलेंद्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश खरपूसे तथा नगर पुलिसक्क अधीक्षक महोदय सुश्री निशा रेडी जी के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा इंदिरा चौक, एमजेएस मेला ग्राउंड, लहार चुंगी, चौधरी मोर,गौरी सरोवर ,नयापुरा ,खटीक खाना ,शास्त्री चौक, परेड चौराहा, हॉकर जॉन, धनवंतरी कॉम्प्लेक्स, भीम नगर, आर्य नगर, अटेर रोड, बेटी बचाओ चौराहा आदि स्थानों पर रात्रि में बल के साथ चेकिंग की चेकिंग के दौरान यहां वहां खड़े मिले लोगो से रात्रि में खड़े होने का कारण पूछा , शराब पीकर वाहन चलाने वालो को चेक किया ।शराब पीकर वाहन चलाने वाले 3 लोगों पर कार्यवाही कर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत तीन मोटरसाइकिल जप्त की शराब पीकर वाहन चलाने वाले इन चालकों पर हुई कार्यवाही-

1-जीतू उर्फ जितेंद्र पुत्र बाबू सिंह राजावत निवासी आदर्श कॉलोनी के कब्जे से 1 पल्सर मोटरसाइकिल काले रंग की एमपी 30द्वद्व 7178 जप्त की

2-सलीम पुत्र बशीर खान निवासी नयापुरा के कब्जे से एक प्लैटिना मोटरसाइकिल बिना नंबर की जप्त की

3-उमेश सिंह कुशवाह सत्येंद्र सिंह कुशवाह निवासी दुर्गानगर के कब्जे से एक हीरो होंडा पैशन प्रो स्क्क30 एमसी 3736 जप्त की

**कोतवाली पुलिस की अपील शराब पीकर वाहन न चलाए** -थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविंद्र शर्मा, उप निरीक्षक अतुल भदोरिया, प्रधान आर सुनील यादव, तिरवेंद्र, कमल, जितेंद्र यादव, दिलीप सविता, आर अभिषेक यादव, दीपक राजावत, अनिल शर्मा, दिलीप शाक्य, राहुल राजावत, राहुल सिकरवार,की कार्यवाही ।

## केंद्रीय बजट से कर्मचारियों को मिली निराशा,पुरानी पेंशन की बजट में कोई घोषणा नहीं -जनक सिंह

### देश के 70 लाख कर्मचारियों की उम्मीद थी बजट मैं सरकार करेगी पेंशन का प्रावधान

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** पुरानी पेंशन बहाली संघ न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत ने आज पेश किए गए केंद्रीय बजट पर निराशा व्यक्त की है श्री रावत ने कहा कि पिछले लंबे समय से प्रदेश और केंद्र सरकार के कर्मचारी पुरानी पेंशन के लिए लगातार सरकार से मांग कर रहे पूरे देश में अनेक कर्मचारी संगठनों द्वारा स्थानीय सांसदों को ज्ञापन दिए गए और मांग की गई कर्मचारी हित में पुरानी पेंशन बहाल की जावे विभिन्न सांसदों द्वारा कर्मचारियों की आवाज को संसद के पिछले सत्र में पटल पर भी उठाया लेकिन आज बजट में सरकार द्वारा पुरानी पेंशन की कोई बात नहीं की गई यह घोर निराशाजनक हैद्य अब कर्मचारी संगठन नए सिरे से रणनीति बनाएंगे और 2024 के आम चुनाव एवं देश के



9 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों मैं पेंशन की आवाज को घर-घर तक ले जाएंगे और पेंशन नहीं तो वोट नहीं मुहिम को और तेजी के साथ चलाएंगे जो सरकार पुरानी पेंशन बहाल करेगी और जो राजनीतिक दल खुले मंच से अपने घोषणापत्र में कहेगा हमारी सरकार बनने पर हम पुरानी पेंशन लागू करेंगे कर्मचारी एवं परिवार उसी दल का समर्थन करेंगे जो पुरानी पेंशन की बात करेगा और कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन बहाल करेगा देश के युवाओं बेरोजगारों एवं आम जन को भी पेंशन आंदोलन से जोड़ा जाएगा पेंशन किया बात जन जन के बीच में रखेंगे और कहेंगे जब सरकारी कर्मचारी 30 से 35 साल सरकार की सेवा करता है उसको पेंशन का प्रावधान नहीं हमारे विधायक सांसद एक बार निर्वाचित होने के बाद जीवन भर पुरानी पेंशन सहित अन्य सुविधाओं का लाभ लेते हैं जब कर्मचारी को पेंशन नहीं तो विधायक सांसदों की पेंशन बंद कीजिए

## यूआईटी आरजीपीवी शिवपुरी अध्याय के अंतर्गत स्पिक मैके द्वारा प्रस्तुति आयोजित

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-सतनवाड़ा स्थित यूआईटी आरजीपीवी शिवपुरी में 31 जनवरी 2023 को हिंदुस्तानी वायलिन वादक पंडित प्रवीण शेओलीकर तथा तबला वादक श्री मकरंद हलवे के द्वारा स्पिक मैके के माध्यम से प्रस्तुति का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन यूआईटी आरजीपीवी के संचालक डॉ. राकेश सिंघई के सानिध्य में संपन्न हुई।डॉ. राकेश सिघई जी के द्वारा पंडित प्रवीण जी का तथा मकरंद हलवे जी का पुष्पगुच्छ के द्वारा स्वागत किया गया। पंडित जी ने अपनी प्रस्तुति में रागो के स्वर समूह को बड़ी सुगमता से सजाया तथा अपने राग विस्तार को बुलंदी दी। संचालक महोदय ने बताया कि छात्रों की संगीत के प्रति रुचि को देखते हुए इस तरह के कार्यक्रम संस्था में होते रहे हैं तथा आगे भी होते रहेंगे।अंत में संचालक महोदय ने विशिष्ट अतिथियों को श्रीफल तथा शॉल के द्वारा सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. नम्रता गुप्ता के द्वारा किया गया। अंत में गुप्ता जी एवं छात्रों द्वारा हमारे विशिष्ट अतिथि तथा संचालक जी का आभार व्यक्त किया गया।



### एक झूठी अफवाह फैलाने वाली वीडियो का किया पर्दाफाश

## पुराना प्लांटेशन पूरी तरह सुरक्षित है नया प्लांटेशन बनाने में कहीं कोई पत्थर नहीं उठाया गया

**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**पिछोर,** अनुविभागीय अंतर्गत ग्राम केमखेड़ा नर्सरी पर जब प्रेस मीडिया मौके पर पहुंची तो झूठी अफवाह फैलाने वाले वीडियो का किया पर्दाफाश प्रेस मीडिया की टीम ने पहुंचकर एक एक सुराग कि गहराई से जांच की और लिया एक एक सच्ची घटना की ली जानकारी पर जाकर क्या हकीकत है क्या झूठ है जब प्रेस मीडिया की टीम वन विभाग नर्सरी कवरेज कर रहा था तब सच्ची खबर दिखाई गई कुछ विरोधियों के चलते झूठी खबर चैनलों पर दिखाई जा रही थी कि वन विभाग नर्सरी के पत्थर उठाकर नया प्लांटेशन बनाया गया है लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है मौके पर कवरेज करते हुए देखा गया तो वन विभाग नर्सरी के पत्थर जहां



पर रखे थे वहां पर ही रखे हैं नया प्लांट लेशन बनाने में कोई नर्सरी के पत्थरों का उपयोग नहीं किया गया है ना ही किसी पुरानी दीवार को छती पहुंचाई है एक नया खुलासा करते हुए ग्रामीण सदस्य ग्रामीण लोगों ने बताया कि ऐसा कहीं कोई मसला नहीं है कि जहां वन विभाग नर्सरी से पत्थर उठाए गए हैं और उस पर कब्जा किया हो पुरातत्व से यहीं पत्थर रखे हुए थे वैसे ही आज भी रखे हुए हैं जांच पड़ताल में मौजूदा कवरेज करने में हकीकत बिल्कुल सामने आई हैशिकायत कर्ताओं द्वारा पूर्व से वन भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है और फसल उगाई गई अब वृक्षारोपण बनाकर उनके द्वारा किए गए अतिक्रमण को बेदखल किया जा रहा है इस कारण यही अतिक्रमण कारी झूठी और निराधार शिकायत कर रहे हैं ग्रामीणों ने बताया जो मस्तराम गुर्जर द्वारा शिकायत की गई है व जिहान सिंह के द्वारा वह भी वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर सरसों की खेती कर रहे हैं

## विज्ञान पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य अंधकार में हो गया:सतीश वर्मा

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-आज वर्तमान में जो अतिशेष की सूची शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल पर जारी की गई है उसमें विज्ञान विषय के शिक्षकों को अतिशेष बताया गया है इसमें ऐसे शिक्षकों को भी अतिशेष बताया गया है जिनके विद्यालय पर न्यूनतम 3 शिक्षकों से कम शिक्षक पदस्थ जबकि शिक्षा अधिकार अधिनियम के अनुसार किसी भी माध्यमिक विद्यालय पर न्यूनतम 3 शिक्षक होना अनिवार्य है यदि 3 से अधिक शिक्षक होते हैं तो विषय मान से क्रम माना जाता है तथा इस अतिशेष में एक और भारी विसंगति है की विज्ञान शिक्षकों को पांचवा पद माना गया है यह एक विचारणीय बात है पांचवा पद एक विद्यालय में 140 से अधिक विद्यार्थी दर्ज होंगे तो वहां पर विज्ञान का पद सृजित होता है इसमें यह विचारणीय बात है कि क्या 140 से कम छात्र संख्या पर छात्रों को विज्ञान विषय शिक्षक से पढ़ने का अधिकार नहीं है जबकि शिक्षा अधिकार अधिनियम में जो पदस्थापना के विषय क्रम दिया गया है उसमें पहला पद विज्ञान / गणित दूसरा सामाजिक विज्ञान/ कला तथा तीसरा भाषा का क्रम दिया गया है इसके अनुसार यह होता है कि पहला शिक्षक विज्ञान या गणित का दूसरा कला और तीसरा भाषा का शिक्षक होना चाहिए यदि इसी के अनुसार आगे बढ़ेंगे तो फिर चौथा पुनः गणित या विज्ञान का फिर शेष बचे तो भाषा का पांचवा छठवां विषय हो शासन ने 2007 तक की भर्ती में क्रम विज्ञान गणित और सामाजिक विज्ञान तथा भाषा किया था वह उचित था क्योंकि विषय शिक्षण कठिन होता है इस विसंगति के कारण विज्ञान विषय का शिक्षा भी प्रभावित हो रहा है तथा इससे सबसे बड़ी विसंगति उत्पन्न हुई है कि गत 6 वर्षों से प्रदेश भर में किसी भी विद्यालय में विज्ञान विषय की कोई भी रिक्त नहीं निकली है जबकि तथा विज्ञान पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य अंधकार में हो गया है ऐसी विसंगति मध्यप्रदेश शासन को दूर करनी चाहिए जिससे सभी छात्रों को विज्ञान विषय प्रशिक्षण प्राप्त हो तथा जिन शिक्षकों की नियुक्ति विज्ञान विषय पर है उन्हें भी अतिशेष के तनाव से मुक्ति मिलसकके जिससे वे अच्छा शिक्षण करा सकेंआज वर्तमान में जो अतिशेष की सूची शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल पर जारी की गई है उसमें विज्ञान विषय के शिक्षकों को अतिशेष बताया गया है इसमें ऐसे शिक्षकों को भी अतिशेष बताया गया है जिनके विद्यालय पर न्यूनतम 3 शिक्षकों से कम शिक्षक पदस्थ जबकि शिक्षा अधिकार अधिनियम के अनुसार किसी भी माध्यमिक विद्यालय पर न्यूनतम 3 शिक्षक होना अनिवार्य है यदि 3 से अधिक शिक्षक होते हैं तो विषय मान से क्रम माना जाता है तथा इस अतिशेष में एक और भारी विसंगति है की विज्ञान शिक्षकों को पांचवा पद माना गया है यह एक विचारणीय बात है पांचवा पद एक विद्यालय में 140 से अधिक विद्यार्थी दर्ज होंगे तो वहां पर विज्ञान का पद सृजित होता है इसमें यह विचारणीय बात है कि क्या 140 से कम छात्र संख्या पर छात्रों को विज्ञान विषय शिक्षक से पढ़ने का अधिकार नहीं है जबकि शिक्षा अधिकार अधिनियम में जो पदस्थापना के विषय क्रम दिया गया है उसमें पहला पद विज्ञान / गणित दूसरा सामाजिक विज्ञान/ कला तथा तीसरा भाषा का क्रम दिया गया है इसके अनुसार यह होता है कि पहला शिक्षक विज्ञान या गणित का दूसरा कला और तीसरा भाषा का शिक्षक होना चाहिए यदि इसी के अनुसार आगे बढ़ेंगे तो फिर चौथा पुनः गणित या विज्ञान का फिर शेष बचे तो भाषा का पांचवा छठवां विषय हो शासन ने 2007 तक की भर्ती में क्रम विज्ञान गणित और सामाजिक विज्ञान तथा भाषा किया था वह उचित था क्योंकि विषय शिक्षण कठिन होता है इस विसंगति के कारण विज्ञान विषय का शिक्षा भी प्रभावित हो रहा है तथा इससे सबसे बड़ी विसंगति उत्पन्न हुई है कि गत 6 वर्षों से प्रदेश भर में किसी भी विद्यालय में विज्ञान विषय की कोई भी रिक्त नहीं निकली है जबकि तथा विज्ञान पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य अंधकार में हो गया है ऐसी विसंगति मध्यप्रदेश शासन को दूर करनी चाहिए जिससे सभी छात्रों को विज्ञान विषय प्रशिक्षण प्राप्त हो तथा जिन शिक्षकों की नियुक्ति विज्ञान विषय पर है उन्हें भी अतिशेष के तनाव से मुक्ति मिलसकके जिससे वे अच्छा शिक्षण करा सकें



## मानव चेतना महादेव सेवा संस्थान मोहझरी द्वारा तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

जनपद लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहझरी बाजार चौक में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे सर्वप्रथम 1 फरवरी को भव्य कलस शोभा यात्रा निकाली गयी 7 जिसमे भव्य यात्रा गांव का भ्रमण कर एवं कलस यात्रा निकाली गयी यह यात्रा बाजार चौक मोहझरी में समाप्त हुई। 2 फरवरी को मंडप पूजन अभिषेक अन्नाधिवास फलाधिवास एवं शैयाधिवास एवं शिव महिमा प्रवचन पंडित विश्वनाथ तिवारी एवं पंडित आशुतोष तिवारी बनारस के मुख से प्रवचन भक्तो को श्रवण करवाया जायेगा। इसी प्रकार 3 फरवरी को यज्ञ मंडप पूजन नर्मदेश्वर महादेव समस्त देव विग्रहो का अभिषेक प्रतिष्ठा यज्ञ हवन महाआरती एवं महाप्रसादी पश्चात् शिव महिमा



प्रवचन एवं कार्यक्रम संपन्न होगा। मानव चेतना महादेव सेवा संस्थान एवं गुरुदेव सेवा मंडल मोहझरी अमरावती द्वारा सभी भक्तो से अनुरोध किया है की अधिक से श्रद्धालुओ से अपील की है की कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ ले एवं पुण्य अर्जित करे 7

**कलस यात्रा के दौरान ये रहे उपस्थित**-अजय अवसरे, मनीराम पारधी, रविंद्र पारधी, दादू नाकतोड़े, संतोष नाकतोड़े, सुभाष कामड़े, नरेश ठाकरे, केके रावते, तुकड्या ढोरे, राजकुमार अवसरे, चंद्र नखाते, ज्ञानीराम पारधी, अमृत ठाकरे, बालाराम अवसरे, जनार रावते, गोरेलाल नखाते, रतिराम भागड़कर, सुभाष उरकुड़े, तपेश उरकुड़े, सुखराम पारधी, श्रद्धालुगण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे 7

## राजेंद्र प्रसाद जी को दी गई भावभीनी विदाई





**सत्येंद्र कुमार प्रजापति की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

**देवेन्द्रनगर**- कार्यालय कनिष्ठ अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड देवेंद्र नगर अंतर्गत कार्यरत श्री राजेंद्र प्रसाद जी (लाइन परिचारक)की 62 वर्ष उम्र पूर्ण होने पर कार्यालय यंत्री एसके सक्सेना जी के नेतृत्व में भावभीनी विदाई एवं सेवानिवृत्ति प्रपत्र हस्ताक्षर कर प्रदान किया गया था कि कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा नाम आंखों के माध्यम से भावभीनी विदाई एवं परिवार से अलग होते हुए श्री राजेंद्र प्रसाद जी को पुष्पमाला और तिलक लगाकर भावभीनी विदाई दी गई

## भक्ति, ज्ञान, वैराग्य व त्याग का मिश्रण ही भागवत का सार :पं.घनश्याम शास्त्री जी

कमानी पुल के पास माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.श्री घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से श्रद्धालु के मन में प्रभु के प्रति आस्था पैदा होने लगती है। कथा नियमित सुनने वाले श्रद्धालु प्रभु के प्रिय हो जाते है शास्त्री जी कहा की भागवत कथा नाम का पूर्ण उच्चारण करते हुए बताया कि भक्ति, ज्ञान, वैराग्य व त्याग चारों का मिश्रण जिस ग्रंथ में हो वही भागवत कथा कहलाती है। भागवत वेद रूपी वृक्ष का फल है। जिस प्रकार वृक्ष में कहीं कोई स्वाद नहीं होता, जबकि फल बहुत मीठा होता है। उसमें भी श्रीसुख यानी श्रोता का मुख लगा हो तो सोने पर सुहागा के समान है। इसीलिए भागवत अवश्य करानी चाहिए भक्ति ज्ञान वैराग्य और त्याग का मिश्रण ही भागवत कथा है इसे अवश्य श्रवण करनी चाहिए इसे सुनने मात्र से सभी पित्रों का कल्याण हो जाता है और घर का वास्तु दोष भी समाप्त हो जाता है संपूर्ण सुखों को देने वाली भागवत कथा है इस ग्रंथ को अपने घर में भी जरूर रखना चाहिए इस अवसर पर माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम के चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव पवन भटनागर श्रीमती रजनी कुशवाहा अनूप श्रीवास्तव श्रीमती निष्ठा सिंह अमन श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव परीक्षित श्रीमती रेनू मुकेश भटनागर श्रीमती सीमा सक्सेना श्रीमती सीमा सक्सेना वंदना श्रीवास्तव श्रीमती पुष्पा तिवारी उमा शर्मा श्रीमती लक्ष्मी भटनागर हरिओम शर्मा एवं सैकड़ों की संख्या में भक्तजन कलश यात्रा में उपस्थित थे

## दबंगो ने गिरा दी प्लाट की बाउंड्री, कर रहे गाली गलौच दे रहे मारपीट की धमकी

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** शिवपुरी कोतवाली थाना क्षेत्र पी. एस. होटल के पीछे का निवासी गिर्राज ने बताया कि वह एक शासकीय कर्मचारी है उसका एक प्लाट सर्वे नं. 100/5/1 जो कि पी.एस. होटल के पीछे स्थित हैं प्लाट रजिस्टर्ड विक्रय अभिलेख के माध्यम से वीरेंद्र ने अपने व अपनी पत्नि के नाम पर क्रय किया था, उस प्लाट का नामांतरण भी गिर्राज व उसकी पत्नी के नाम पर शासकीय अभिलेखो में दर्ज है तथा शासकीय अभिलेखो अनुसार गिर्राज के प्लाट के सामने 35 फीट का शासकीय रास्ता है, उस प्लाट पर गिर्राज ने अपनी बाउंड्री का निर्माण भी कराया है। लेकिन दिनांक 31.01.2023 को प्रातः 6 बजे गिर्राज के उस प्लाट पर बनी बाउंड्री को वीरेन्द्र मुडौतिया द्वारा जे.सी.पी. से तोडी जा रही थी तबगिर्राज द्वारा उक्त प्लाट पर जाकर वीरेन्द्र मुडोतिया को रोका तो दबंगो ने गाली गलौज करतद हुए जाती सूचक अपशब्द का प्रयोग करने लगा और बोला तुम्हारी



इतनी औकात हो गयी है कि तुम हमें बाउंड्री हटाने से रोकोगे तब गिर्राज ने निवेदन किया कि तुम बाउंड्री क्यों तोड़ रहे हो तब वीरेन्द्र मुडोतिया द्वारा कहा गया कि तुमने गलत बाउंड्री बनाई है मैं इसे तोड़ूंगा. तथा गिर्राज के प्लाट की बाउंड्री का हिस्सा तोड़ दिया, गिर्राज द्वारा कहे जाने पर कि बाउंड्री हमने शासकीय कागजातो के हिसाब से की है जिस पर वीरेन्द्र मुडोतिया अत्यधिक आकोशित हो गये और उन्होने गिर्राज को गंदी गंदी गालियां देते हुये गिर्राज की कॉलर पकडकर गिर्राज के साथ लात भूसों से मारपीट की तब गिर्राज के चिल्लाने की आवाज सुनकर गिर्राज के पडौसी राजू पंडित एवं चर्तुभुज यादव भी वहां आ गये तब वीरेन्द्र मुडोतिया द्वारा कहा गया कि मैनें आज तो तुम्हें छोड़ दिया अगर आगे इस प्लाट पर आये तो तुम्हे जान से खत्म कर दूंगा। वीरेन्द्र मुडोतिया ने गिर्राज की बाउंड्री तोडकर लगभग 2 लाख रूपये का नुकसान भी किया है। जिसके फोटोग्राफ्स भी गिर्राज के पास है जिसने आज कोतवाली में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है

# आत्मनिर्भरता की दिशा से जुड़ा है केंद्रीय बजट : विधायक संजीव सिंह

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति जताया आभार**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी के युवा नेत विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2023 - 24 केंद्रीय बजट में सभी समाज देश के विकास गरीब कल्याणकारी योजनाओं , किसान युवा एवं महिलाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने वाला बताते हुए स्वागत किया है और प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय वित्त मंत्री के प्रति धन्यवाद विज्ञापन किया।विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने संजीवनी केंद्रीय बजट पर अपनी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के सफल कार्यानवयनसे देश का सशक्त विकास सुनिश्चित किया गया है स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों शौचालय बनाए गए हैं।उज्ज्वला योजना के तहत

उज्ज्वला योजना के तहत 9 करोड 60लाख कनेक्शन दिए गए हैं। पीएम सुरक्षा बीमा,पीएम ज्योति बीमा के अंतर्गत करो?ं लोगों को बीमा का लाभ दिया गया है।विधायक श्री संजीव



हमारे लिए अन्य इसके लिए उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों मेंमिर्ची के पार्ट्स अप्स के लिए कृषि वर्धक निधि की स्थापना की जाएगी 22 सौ करोड़ रुपए के साथ आत्मनिर्भर स्वच्छ पौधा कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। विधायक श्री कुशवाह

ने कहा यह अमृत काल का बजट है वैचारिक मंदी के बावजूद दुनिया ने भारत की आर्थिक स्थिति को सहारा है हमारी अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 5 लाख तक की आय आय वालों को कोई आयकर नहीं देना पड़ता था अब 7 लाख तक की सालाना आय वालों को टैक्स नहीं देना होगा।विधायक श्री कुशवाह ने कहा कि केंद्रीय बजट मैं सात प्राथमिकताएं हैं जो ससस्त्र कृषि की तरह अमृत काल के दौरान हमारा मार्गदर्शन करेंगी जिसमें समावैसी विकास,अंतिम व्यक्ति तक पहुंच, अपनी क्षमता को विकास करना, यूथ पावर, ग्रीन थ्रेड को बढ़ाना, अपनी क्षमता को विकसित करना, फाइनेशियल सेक्टर को प्रोत्साहन यह प्राथमिकता है। विधायक कुशवाहने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशराज विकास की ओर योजनाओं के साथ बढ़ रहा है यह बजट अंतिम छोर तक के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा।

# आगामी चुनाव के लिए तैयार रहे कार्यकर्ता: सुश्री हिना कावरे विधायक

## सावरी कला में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

क्षेत्र के ग्राम सावरी कला में कांग्रेस पार्टी का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन विधायक हिना कावरे की प्रमुख उपस्थिति में नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लांजी ओमकार बाबा रहांगडाले की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर गांधी जी के सबसे प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम के गायन के साथ किया गया। इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से श्रीमती अर्चना खोंगल अध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी देवेंद्र खोंगल पूर्व अध्यक्ष, अजय अवसरे उपाध्यक्ष, मुकेश जोशी, नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार रहांगडाले एवं वरिष्ठ जन मंचासीन रहे।

**विधायक सुश्री हिना कावरे ने किया संबोधित**–इस दौरान प्रमुख वक्ता के रूप में विधायक सुश्री हिना कावरे ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टी कार्यकर्ता कमर कस लें कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। बहुत हर्ष की बात है कि कांग्रेस परिवार का कार्यकर्ता सम्मेलन ग्राम सावरी कला में आयोजित हुआ और आज का जो दिन है वह हमारे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है।हम सब



गांधीजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। कांग्रेस पार्टी आज भी सभ जगह मजबूत स्थिति में है ,वह हमारे कार्यकर्ताओं के कारण ही बनी हुई है। बालाघाट जिले की कमान जो एक आदिवासी नेता के रूप में पहचाने जाते हैं वह बैहर के विधायक संजय उईके जी को सौंपी गई है। यह हम सबके लिए बहुत गर्व की बात है। हम सब की है जवाबदारी बनती है कि हम सब उनके नेतृत्व में कमलनाथ जी की सोच और राहुल गांधी जी की सोच को जन जन तक पहुंचाएं। जब पहली बार विधानसभा लांजी -किरनापुर का चुनाव लड़ा तब हमारे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खेमचंद दानी थे और उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने पूरे क्षेत्र में खूब मेहनत की जिस कारण 2013 का चुनाव हमने 32000 वोटों से जीता था । इसी तरह आने वाला चुनाव पूरे दमखम से लड़ना है, इसके लिए कार्यकर्ता अभी से कमर कस ले।

**अध्यक्ष ओमकार बाबा रहांगडाले ने जताया आभार**–नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष ओमकार बाबा रहांगडाले ने नई जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी पदाधिकारियों का आभार जताया एवं विश्वास दिलाया कि लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी जीत की हेट्रीक लगाएंगी और निश्चित ही प्रदेश में और देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार होगी। पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार बाबा रहांगडाले का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला एवं गुलदस्ते भेंटकर भव्य स्वागत किया गया।कांग्रेस पार्टी के विचारों से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत आवा के उपसरपंच प्रमोद बापुरे एवं अनेकों युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनान्तर्गत श्री जगन्नाथपुरी यात्रा 16 से 21 फरवरी तक

## आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 05 फरवरी

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनान्तर्गत श्री जगन्नाथपुरी यात्रा भिण्ड जिले के लिए 16 फरवरी 2023 से 21 फरवरी 2023 तक आयोजित की जावेगी। श्री जगन्नाथपुरी यात्रा में भिण्ड जिले के निवासियों /60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए जो आयकर दाता नहीं हैं उक्त तीर्थ दर्शन योजना का लाभ एक व्यक्ति को अपने जीवन काल में एक ही बार दिया जावेगा, यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा पूर्व में यात्रा में सम्मिलित होना प्रमाणित होता है तो उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। भिण्ड जिले के लिए श्री जगन्नाथपुरी यात्रा हेतु संबंधित विकास खण्डों एवं नगरीय निकायों में आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तारीख 05 फरवरी 2023 नियत की गई है।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिण्ड, गोहद, मेहगांव, लहार, अटेर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भिण्ड, अटेर, मेहगांव, गोहद, लहार, रौन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भिण्ड, गोहद, मेहगांव, गोरमी, अटेर, रौन, मिहोना, फूप, लहार, दबोह, आलमपुर एवं समस्त तहसीलदार भिण्ड, गोहद, मेहगांव, अटेर, गोरमी, लहार, रोन, मिहोना, मौ को पत्र जारी कर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनान्तर्गत श्री जगन्नाथपुरी यात्रा 16 फरवरी 2023 से 21 फरवरी 2023 तक आयोजित की गई है इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अन्तर्गत म0प्र0 के निवासियों जिनकी उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं के मामले में 2 वर्ष की छूट) जो आयकर दाता नहीं हैं को प्रदेश/ प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न नाम निर्दिष्ट स्थानों में से एक या युग्म तीर्थों की यात्रा सुलभ कराने हेतु मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना परिकल्पित की गई है। उक्त तीर्थ दर्शन योजना का लाभ एक व्यक्ति को जीवनकाल में एक ही बार दिया जावेगा। भिण्ड जिले के लिए श्री जगन्नाथपुरी यात्रा 16 फरवरी 2023 से 21 फरवरी 2023 तक आयोजित की गई है। यदि जिले में निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो ऐसी स्थिति में यात्रियों का चयन कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी से किया जायेगा। निर्धारित कोटे से 10 प्रतिशत अतिरिक्त तीर्थ यात्रियों की पृथक से प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी। किसी कारण से कतिपय तीर्थयात्री यात्रा में जाने में असमर्थ रहते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रतीक्षा सूची के अनुक्रम अनुसार तीर्थयात्रियों को यात्रा पर भेजा जायेगा। समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि मुख्य मंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अन्तर्गत यात्रा का अपने अपने क्षेत्र में पर्याप्त प्रचार प्रसार करें।तीर्थ यात्रा के फार्म जिले के समस्त विकासखण्डों एवं नगरीय निकायों से वितरित किये जायेंगे एवं गहन परीक्षण पश्चात जमा किये जायें। आवेदन फार्म दो प्रतियों में लिये जावें, जिसमें पासपोर्ट साइज के दो रंगीन फोटो यदि पति पत्नी साथ-साथ जा रहे तो दो आवेदन पत्रों पर ऊपर दोनों के फोटो साथ-साथ अवश्य होना चाहिए। आवेदन पत्र में पति पत्नी साथ जा रहे हैं तो लिखा होना चाहिए एवं सूची बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जावे कि पति के नाम के सामने ही पत्नी का नाम हो। आवेदन पत्र / आधार कार्ड /राशनकार्ड /बोटरकार्ड/ परिचयपत्र की मूल प्रति दिखाकर आवेदन संबंधित कार्यालय में ही जमा किये जावेंगे एवं कोविड वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट की छाया प्रति अनिवार्य रूप से रखें। आवेदन अनिवार्यरूप से 05 फरवरी 2023 तक प्राप्त कर हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में अनिवार्यतः जमा कराना सुनिश्चित करें।

## लघु फिल्म एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता

दैनिक पुष्पांजली टुडे
अटेर महोत्सव - 2023



**भिण्ड ।** लघु फिल्म एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता जानकारी पेनड्राइव या ई-मेल से जनसंपर्क कार्यालय भिण्ड में 9 फरवरी तक भिजवाऐं ।लघु फिल्म एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता भिण्ड पर्यटन के अनच्छुए संसार थीम पर अधिकतम 5 मिनट की लघु फिल्म एवं 4 से 10 फोटोग्राफ, अपनी जानकारी के साथ पेन ड्राइव या ई-मेल श्वह्म्श्ड्ढद्बठ्ठस्त्र2014ञ्चद्दद्बड्डद्बद्य.ष्श्द्व पर जनसंपर्क कार्यालय भिण्ड में 01 फरवरी से 09 फरवरी 2023 तक भेजें। इन दोनों प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वालों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में काशी(वाराणसी) यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 03 फरवरी

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत आगामी 14 फरवरी 2023 को बालाघाट रेल्वे स्टेशन से काशी (वाराणसी) यात्रा के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी और 17 फरवरी 2023 को वापस बालाघाट पहुंचेगी। काशी (वाराणसी) यात्रा के लिए बालाघाट जिले से 223 यात्रियों का चयन किया जायेगा। काशी (वाराणसी) की यात्रा पर जाने के इच्छुक व्यक्तियों से 03 फरवरी 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है।

काशी (वाराणसी) यात्रा पर जाने के इच्छुक यात्री अपने क्षेत्र के तहसील, जनपद पंचायत एवं नगरपालिका कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 03 फरवरी 2023 रखी गई है। चयनित 223 आवेदकों की सूची 07 फरवरी 2023 को कलेक्ट्रेट कार्यालय से आईआरसीटीसी भोपाल को भेज दी जायेगी।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत होने वाली काशी (वाराणसी) यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए भोजन, ठहरने आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। यह व्यवस्था म.प्र. शासन द्वारा की गई है। उल्लेखनीय है कि म.प्र. सरकार द्वारा 60 वर्ष या उससे अधिक की आयु के बुजुर्गो को जो आयकर दाता नहीं है और म.प्र. के निवासी है, अपने खर्च पर तीर्थयात्रा कराई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत जो व्यक्ति पूर्व में तीर्थयात्रा कर चुके उन्हें दोबारा इस योजना में यात्रा का अवसर नहीं मिलेगा।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स का बालाघाट में आयोग अध्यक्ष श्री बिसेन ने किया शुभारंभ

## मध्यप्रदेश की टीम ने जीत के साथ किया खेल का आगाज दमन-दादर की टीम को 17-0 से हराया

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

मध्य प्रदेश के 8 शहरों में खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजित हो रहे हैं। इसके अंतर्गत बालाघाट में महिला फुटबाल की प्रतियोगिता आयोजित की गई है। आज 01 फरवरी 2023 को मुलना स्टेडियम ग्राउंड में समारोहपूर्वक इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक गौरीशंकर बिसेन मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने की। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक रमेश भटेरे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम एवं इस आयोजन से जुड़े अधिकारी, नागरिक, खिलाड़ी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयोग अध्यक्ष श्री बिसेन ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि बालाघाट जिले के लिए यह सौभाग्य की बात है कि यहां पर खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत महिला फुटबाल का इतना बड़ा आयोजन किया गया है। उन्होंने इस आयोजन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। ऐसे ही आयोजन से राष्ट्रीय स्तर के लिए खिलाड़ियों को चिन्हित करने का मौका मिलता है। बालाघाट में आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश सहित 08 राज्यों की टीम शामिल हो रही हैं। हम सभी अन्य राज्यों



से आयी टीमों के खिलाड़ियों का स्वागत करते हैं और प्रयास करेंगें कि अगले 10 दिनों तक उन्हें अपनी प्रतिभा और हुनर दिखाने के लिए अच्छा वातावरण एवं सुविधायें मिलें, जिससे वे बालाघाट की सुखद यादों को लेकर यहां से विदा हो सकेगें। श्री बिसेन ने कहा कि बालाघाट में खेल सुविधाओं को बड़ाने के लिए आज हम स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनाने का संकल्प लेते है। इस अवसर पर बालाघाट जिले में निवास करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के युवाओं द्वारा बैगा नृत्य एवं शासकीय पीजी कालेज बालाघाट के छात्र-छात्राओं ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की थीम पर डांस प्रस्तुत किया गया। 1 फरवरी 2023 को प्रतियोगिता का पहला मैच मेजबान मध्यप्रदेश की टीम एवं मेहमान टीम दमन-दादर के बीच खेला गया। मैच प्रारंभ करने के पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयोग अध्यक्ष श्री बिसेन एवं अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आयोग अध्यक्ष श्री बिसेन ने फुटबाल को किक मार कर मैच का शुभारंभ किया। मुलना स्टेडियम बालाघाट में खेले गये प्रतियोगिता के पहले मैच में मध्यप्रदेश की टीम ने दमन-दादर की टीम को 17-0 के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। पूरे मैच में मध्यप्रदेश की टीम हावी रही, जिसके कारण दमन-दादर की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। मध्यप्रदेश की टीम से मोनिषा सिंह ने 05, वंदना यादव ने 04, दिव्यांशी राजपूत एवं हर्षिता डहारे ने 02-02, प्रिया दुबे, शाहिस्ता बानो, अक्षिता एवं निकिता ने 01-01 गोल किया। 01 फरवरी को दूसरा मैच अरूणाचल प्रदेश एवं केरल की टीम के बीच खेला गया। जिसमें अरूणाचल प्रदेश की टीम ने केरल की टीम को 4-1 से पराजित कर दिया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने कड़ा संघर्ष किया और स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। लेकिन दूसरे हाफ में अरूणाचल प्रदेश की टीम ने केरल की टीम पर दबाव बनाये रखा और वह तीन गोल करने में कामयाब रही। अरूणाचल प्रदेश की ओर से एंजल ताया ने 02, काय रूमी ने 01 एवं जियानी रामचिंग ने 01 गोल किया। जबकि अरूणाचल प्रदेश की तलाक याना ने गेंद अपनी ही टीम के गोल पोस्ट में डाल दी, जो केरल की टीम के खाते में शामिल हो गया।

**आज बिहार-मणिपुर एवं हरियाणा-पश्चिम बंगाल का होगा मैच**–ग्रुप-बी में 02 फरवरी 2023 को प्रातः 10 बजे से बिहार के विरूद्ध मणीपुर तथा दोपहर 2.30 बजे से हरियाणा के विरूद्ध पश्चिम बंगाल की टीम खेलेगी। 03 फरवरी को प्रातः 10 बजे से मध्यप्रदेश के विरूद्ध अरूणाचल प्रदेश एवं दोपहर 2.30 बजे से केरल के विरूद्ध दमन एवं दादरा की टीम खेलेगी। 04 फरवरी को प्रातः 10 बजे से मणिपुर के विरूद्ध हरियाणा एवं दोपहर 2.30 बजे से पश्चिम बंगाल के विरूद्ध बिहार की टीम खेलेगी। 05 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दमन एवं दादरा के विरूद्ध अरूणाचल प्रदेश एवं दोपहर 2.30 बजे से केरल के विरूद्ध मध्यप्रदेश की टीम खेलेगी।

# अन्तर्राष्ट्रीय कराटे खिलाडी निधि नन्हेट एवं तनवी पटेल के साथ 10 हजार से अधिक दर्शकों की उपस्थिति में लांजी प्रीमियर लीग का हुआ भव्य समापन, संरक्षक रमेश भटेरे ने जताया आभार

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश शासन में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. श्री दिलीप भटेरे जी की स्मृति में आयोजित लांजी प्रीमियर लीग का 31 जनवरी को भव्य समापन वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडीयम लांजी में प्रतियोगिता के संरक्षक रमेश दिलीप भटेरे एवं अन्तर्राष्टीय कराते खिलाडी निधि नन्हेट एवं तनवी पटेल गोल्ड मेडलिस्ट एवं महिला शक्तियों की उपस्थिती में किया गया। बतादे कि भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक लांजी रमेश भटेरे के द्वारा अपने पूज्य बाबूजी स्व दिलीप भटेरे जी की स्मृति में प्रतिवर्ष लांजी प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाता है प्रतियोगिता का यह 14 वर्ष है जिसका भव्यता के साथ समापन हुआ, प्रतियोगिता की सिरमौर भोपाल को हराकर नागपूर बनी, साथ ही संरक्षक श्री रमेश भटेरे के द्वारा ईनामो की बौछार भी खिलाडियो के लिये की गई थी, प्रतियोगिता के आयोजक भाजपा मण्डल लांजी एवं भाजयुमो मण्डल लांजी सहित प्रतियोगिता से जुडे साथी रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से सत्यनारायण अग्रवाल, संजय खण्डेलवाल, डॉ अमृत मेश्राम, राजेश भटेरे, राकेश भटेरे, सुरजीत सिंह ठाकुर, राकेश सेवईवार, अजय बिसेन, संजय मिश्रा, दुलीचंद राजनीरे, हिराचंद आसटकर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलौक चौरसिया, अविनाश रैंच, ताराचंद कालबेले, डीआर बापुरे, अशोक बापुरे, संदीप रामटेक्कर, दिनेश कचवाहे, विजय गोस्वामी, किशोर रामटेक्कर, संजय सय्याम, कैलाश गोस्वामी, बसंत सोनवाने, श्यामलाल पाण्डे, मयाराम मुरकुटे, रामकृष्ण करहिे, मनीष लालू अग्रवाल, देवेश ऐडे, अरूण कबीरे, व्यंकट उमरे, ताराचंद कुचलाहे, मदन बेदरे, मदन धनोले, दामोदर बल्लारखेडे, हीरा बल्लारखेडे, महेन्द्र पटले, सोहन उपराडे, शिव दशहरे, योगेश कुर्राहे, भूषण बनोठे, संजू नगपूरे, जाकिर कुरैशी, रामकुमार राणा, बब्बू सिंह, संजू खोब्रागडे, बबली मिश्रा, उज्जवल श्रीवास्तव, शालू अली प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। लांजी प्रीमियर लीग के समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप मे महिलाऐं रही जो कि राजनैतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी है इन सभी महिलाओ को भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा आमंत्रित किया गया था जिनमे प्रमुख रूप से माताजी धारेश्वरी भटेरे, लता एलकर, मौसम बिसेन, भारती सुरजीत ठाकुर, भारती पारधी, रेखा ताराचंद कालबेले, निशी पशीने, सुनीता सेवईवार, रक्षा हरिनेखेडे, मीना राहांगडाले, मोना सिद्धू कौर, अल्का आसटकर, दुर्गा रामटेक्कर, शोभना ठाकुर, सरस्वती बारेकर, मीरा ऐडे, कस्तुरा वाकडे, विनीता पाराशर, खुर्शीदा बानो, सुनीता जैन, प्रभा पटेल सहित क्षेत्र की ऐसी दो बालिकाऐं उपस्थित रहीं जिन्होने कराते के क्षेत्र भारत का नाम रोशन है जिनमे विक्रम अवार्ड एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित अन्तर्राष्टीय कराते खिलाडी निधि नन्हेट, तथा कराते मे 15 गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाली अन्तर्राष्टीय कराते खिलाडी तनवी पटले भी मंच की शोभा बढाई है।

**रोमांचक मुकाबले में भोपाल को हराकर नागपूर बनी एलपीएल की विजेता**–लांजी प्रीमियर लीग का अंतिम मुकाबला प्रतीक 11




नागपुर ने अपने नाम किया। अंतिम मुकाबले प्रतीक 11 नागपुर एवं बालाजी आईटी आई स्पॉसर बालाघाट भोपाल मिक्स टीम के मध्य फाईनल मुकाबला खेला गया जिसमे प्रतीक 11 नागपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 8 ओवरो में 140 रनो की धुंआधार पारी खेली जिसमे आकाश ने ताबडतोड बल्लेबाजी करते हुये मात्र 15 गेंदो मे 61 रन बनाये अंतिम ओवर मे आकाश ने 5 गगन चुंबी छक्के मार कर टीम के स्कोर को 140 रन तक पंहुचाया जवाबी पारी मे भोपाल अपने 10 विकेट खोकर भी लक्ष्य नही हासिल कर पाई एवं हार का सामना करना पड़ा। इस तरह प्रतीक 11 नागपूर लांजी प्रीमियर लीग के इस 14वें संस्करण की विजेता बनी, जिसे ट्रॉफी एवं 1 लाख 50 हजार रूपये नगद ईनाम से नवाजा गया संरक्षक रमेश दिलीप भटेरे के द्वारा।

**प्रतियोगिता मे इनामों की बौछार**––संरक्षक रमेश भटेरे के द्वारा लांजी प्रीमियर लीग मे ईनामो की बौछार की गई जिसमे विजेता टीम प्रतीक 11 नागपूर ट्रॉफी एवं 1 लाख 50 हजार, उपविजेता भोपाल को ट्राफी एवं 1 लाख नगर पुरस्कार, तृतीय पुरस्कार मुरैना चंबल को ट्रॉफी एवं 50 हजार रूपये नगद पुरस्कार से नवाजा गया साथ ही अन्य ईनामो में प्रथम सेमीफाईनल मैन ऑफ द मैच आकाश पाजी नागपूर, द्वितीय सेमीफाईनल मंगेश टीम भोपाल, तृतीय मैन ऑफ द मैच करण टीम मुरैना,मैन ऑफ द सीरीज सचिन हरोतिया भोपाल, बेस्ट बैट्स मैन निखील, बेस्ट बॉलर सचिन हरोतिया, फाईनल मैन ऑफ द मैच आकाश पाजी, बेस्ट कॉमेन्टेटर विकास यादव, राजा परवेज, अम्पायर की भूमिका मे दीनू उइके, नीरज दहीकर, मनीष अतकरे, राहुल ईंदौरी इन सभी को पुरस्कृत किया गया मोमेन्टो प्रदान कर। संपूर्ण आयोजन मे विशेष आयोजक सहयोगी, आलोक चौरसिया, नवीन रामटेक्कर, दिनेश उइके, गौरव बैस, पारितोष गिरीया, मनीश अतकरे, योगेश जुझार, राकेश रामटेक्कर, कामेन्टेटर विकास यादव, राजा परवेज, आयुष सोमनकर, राहुल, सुजीत, अंपायर नीरज दहीकर,खैफाज शेख, सारांश लहरे।

**संरक्षक रमेश भटेरे ने जताया आभार**–प्रतियोगिता के सरंक्षक रमेश दिलीप भटेरे ने अपने वक्तव्य रखे जिनमे उन्होने कहा पुज्य बाबुजी के स्मृति मे यह प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता मे लगभग 30 टीमो ने हिस्सा लिया। सभी टीमो का मै आभार व्यक्त करता हुं साथ ही दर्शको का भी मै आभार व्यक्त करता हुं क्योकि कितने ही अच्छी टीमे आ जाये कितने ही अच्छे मैच हो जाये अगर दर्शक गण नही तो कुछ भी नही प्रतियोगिता के लगातार 14वें वर्ष जिनमे सबसे ज्यादा दर्शक ने इस प्रतियोगिता का सराहा है। अंतिम मैच मे भी लगभग 10 हजार की संख्या मे यंहा दर्शक गण उपस्थित थे जिन्होने अंतिम मैचो तालीयो के माध्यम से टीमो को उत्साह वर्धन किया है। मै विजेता और उप विजेता टीम को भी बधाई देना चाहुंगा जिन्होने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यंहा तक पहुचे एवं प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले मे भागीदारी की। साथ ही मिडीया एवं पुलिस प्रशासन, नगर परिषदलांजी, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी,, उत्कृष्ट विद्यालय लांजी, सभी प्रायोजको का भी धन्यवाद किया। एवं अंत मे कहा कि लांजी क्षेत्र के लिये यह प्रतियोगिता हमेशा चलती रहेगी। उक्त प्रतियोगिता के आयोजन समिती के सदस्यगण एवं भाजपा मण्डल, भाजयुमो सहित खेलप्रेमी के तत्वाधान मे यह प्रतियोगिता का आयोजन होता है वह भी बधाई के पात्र है क्योंकि बगैर इन के सहयोग से इतने बडे स्तर मे यह प्रतियोगिता करना असंभव है। आप ने मंच पर उपस्थित महिला शक्ति को भी नमन किया सभी उपस्थिती अतिथि गणो एवं जनता तथा समस्त टीमो का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी क्रम मे मौसम बिसेन एवं भारती ठाकुर के द्वारा भी संबोधन करते हुये विजेता उपविजेता टीमो को बधाई प्रेषित की तथा वीरांगना रानी अवंती बाई खेल मैदान मे उमड़े जन सैलाब का भी आभार व्यक्त किया।

## सचिन तेंदुलकर और BCCI चैंपियन भारतीय महिला अंडर-19 टीम को करेंगे सम्मानित, अहमदाबाद में कार्यक्रम

नई दिल्ली भारत की महिला अंडर -19 विश्व कप विजेता कप्तान शेफाली वर्मा और उनकी टीम की साथी ऋचा घोष के बुधवार को अहमदाबाद में टीम के जश्न में शामिल होने की कम संभावना है क्योंकि वे दक्षिण अफ्रीका में होने वाले सीनियर महिला टी20 विश्व कप के लिए भारत की सीनियर महिला टीम





से जुड़ेंगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे ठीक पहले क्रिकेट आइकन सचिन तेंदुलकर भारत की अंडर -19 महिला विश्व कप विजेता टीम को सम्मानित करने के लिए बीसीसीआई के अधिकारियों के साथ शामिल होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इसकी पुष्टि की है। जय शाह ने ट्वीट में लिखा- मुझे बहुत खुशी हो रही है कि भारत रत्न सचिन तेंदुलकर और इउउक के पदाधिकारी एक फरवरी को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े छह बजे विजयी भारतीय महिला अंडर-19 टीम को सम्मानित करेंगे। युवा क्रिकेटरों ने भारत को गौरवान्वित किया है और हमारे लिए जरूरी है कि हम उनकी उपलब्धियों का सम्मान करें। सचिन तेंदुलकर और जय शाह भारत की महिला अंडर -19 टीम ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर विश्व कप जीता। यह महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का पहला संस्करण था। उसके तुरंत बाद जय शाह ने एक फरवरी को अहमदाबाद में भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 को देखने के लिए टीम को आमंत्रित किया था। इस जीत के साथ ही महिला क्रिकेट में ट्रॉफी के लिए भारत का लंबा इंतजार खत्म हुआ। शाह ने ट्वीट किया था- मैं शेफाली वर्मा और उनकी विजयी टीम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हमारे साथ जुड़ने और एक फरवरी को तीसरा टी20 मैच देखने के लिए आमंत्रित करता हूं। यह बड़ी उपलब्धि निश्चित रूप से जश्न की मांग करती है। शेफाली और घोष के जश्न में न आने की संभावना इस बीच भारत की महिला अंडर -19 विश्व कप विजेता कप्तान शेफाली वर्मा और उनकी टीम की साथी ऋचा घोष के बुधवार को अहमदाबाद में टीम के जश्न में शामिल होने की कम संभावना है क्योंकि वे दक्षिण अफ्रीका में होने वाले सीनियर महिला टी20 विश्व कप के लिए भारत की सीनियर महिला टीम से जुड़ेंगी। महिला टी20 विश्व कप की शुरूआत दक्षिण अफ्रीका में ही 10 फरवरी से होने जा रही है। भारत 12 फरवरी को केप टाउन में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।

## क्रिकेटर ने लगाया ऐसा छक्का कि स्टेडियम के बाहर सड़क पर गिरी गेंद, बॉल चुरा कर भागा एक फैन

**दुबई ।** एमआई अमीरात के 241 रन के जवाब में डेजर्ट वाइपर्स की टीम 12.1 ओवर में 84 रन पर ही सिमट गई। एमआई अमीरात ने 157 रन से जीत हासिल की। यह आईएल टी20 में सबसे बड़ी जीत है। यूएई में खेले जा रहे इंटरनेशनल लीग टी20 में चौके-छक्कों की बरसात हो रही है। इसी कड़ी में रविवार को एमआई अमीरात और डेजर्ट वाइपर्स के बीच खेले गए मैच में भी बाउंड्री की बरसात हुई। एमआई अमीरात के मोहम्मद वसीम, कीरोन पोलार्ड और आंद्रे फ्लेचर ने इस मैच तूफानी अर्धशतक लगाए।





इसकी बदौलत उनकी टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 241 रन का स्कोर खड़ा किया। हालांकि, इस स्कोर से ज्यादा चचाएँ एक छक्के की हो रही है, जिसमें फैन गेंद लेकर भाग खड़ा हुआ। इसका वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मैच में टकअमीरात के प्लेयर डैन मूस्ली ने एक लंबा छक्का लगाया, जिसमें गेंद स्टेडियम के बाहर सड़कों पर जा गिरी। इसके बाद एक फैन दौड़ता हुआ उस गेंद के पास पहुंचा और गिरी गेंद को लेकर भाग खड़ा हुआ। यह घटना अमीरात की पारी के 18वें ओवर की है। तब मथिशा पथिराना गेंदबाजी कर रहे थे। शारजाह स्टेडियम दुनिया के सबसे छोटे स्टेडियम में से एक है। ऐसे में उस गेंद को फैन ने याद के तौर पर अपने पास रख लिया। इतना ही नहीं इसके बाद पारी के 19वें ओवर में पोलार्ड ने भी 104 मीटर लंबा छक्का मारा। गेंद फिर सड़कों पर जाकर गिरी, लेकिन इस बार दूसरे फैन ने गेंद को उठाकर स्टेडियम के अंदर फेंक दिया। इसके बाद आईएलटी20 ने ट्वीट कर वीडियो पोस्ट किया। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा- जब छक्कों की बरसात हो रही होती है, तब दो तरह के क्रिकेट फैन होते हैं- एक वो जो गेंद लेकर भाग जाते हैं और दूसरे वो जो गेंद वापस कर देते हैं। एमआई अमीरात के 241 रन के जवाब में डेजर्ट वाइपर्स की टीम 12.1 ओवर में 84 रन पर ही सिमट गई। एमआई अमीरात ने 157 रन से जीत हासिल की। वसीम ने 44 गेंदों पर 11 चौके और चार छक्कों की मदद से 86 रन की पारी खेली। वहीं, फ्लेचर ने 39 गेंदों में 50 रन बनाए। वहीं, पोलार्ड ने 19 गेंदों में नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। अपनी पारी में पोलार्ड ने चार छक्के और चार चौके जड़े। मूस्ली के साथ मिलकर उन्होंने 5.2 ओवरों में 89 रन की साझेदारी निभाई। मूस्ली 17 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 31 रन बना सके। 157 रन की जीत इस टूनार्मेंट में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत है।

## वित्त मंत्री ने पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण, अगले वर्ष विकास दर 6.5% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** आम बजट से एक दिन पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश कर दिया। तीन वित्त



वर्ष में इस बार सबसे कम विकास दर की संभावना है। दुनियाभर में मंदी की आहट के बावजूद भारत की आर्थिक विकास दर अगले वित्त वर्ष यानी 2023-24 में 6.5% बनी रहेगी। हालांकि, यह मौजूदा वित्त वर्ष के 7% और पिछले वित्त वर्ष यानी 2021-22 के 8.7% के आंकड़े से कम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 में ये आंकड़े सामने आए हैं। इसमें विकास दर कम रहने का अनुमान जताया गया है, लेकिन इसके बावजूद भारत विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं वाले प्रमुख देशों में शामिल रहेगा। आर्थिक सर्वेक्षण कहता है कि कोरोना के दौर के बाद दूसरे देशों की तुलना में भारतीय अर्थव्यवस्था की रिकवरी तेज रही है। घरेलू मांग और पूंजीगत निवेश में बढ़ोतरी की वजह से ऐसा हो पाया है। हालांकि, सर्वेक्षण में यह चिंता जताई गई है कि चालू खाता घाटा बढ़ सकता है क्योंकि दुनियाभर में कीमतें बढ़ रही हैं। इससे रुपये पर दबाव रह सकता है। यूएस फेडरल रिजर्व अगर ब्याज दरों में इजाफा करता है तो रुपये का अवमूल्यन हो सकता है। कर्ज लंबे वक्त तक महंगा रह सकता है। दुनिया में क्रय क्षमता यानी परचेसिंग पावर पैरिटी के मामले में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी और विनिमय दर के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत के पास पर्यात विदेशी मुद्रा भंडार है जिससे कि चालू खाते के घाटे तो वित्त पोषित किया जा सकता है। रुपये के उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के उद्देश्य से भी यह पर्याप्त है। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि कोरोना से निपटने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था विकास के पथ पर आगे बढ़ चुकी है। वित्तीय वर्ष 2022 में अन्य कई देशों की तुलना में भारत ने पहले ही कोरोना पूर्व की स्थिति हासिल कर ली है। हालांकि सर्वेक्षण में महंगाई पर चिंता जताते हुए कहा गया है कि महंगाई पर लगाम लगाने की चुनौती अब भी बरकरार है। यूरोप में जारी संघर्ष के कारण यह स्थिति बनी है। सर्वेक्षण के अनुसार आरबीआई की ओर से उठाए गए कदमों के बाद नवंबर महीने में खुदरा महंगाई दर आरबीआई के टॉलरेंस बैंड के नीचे आ गई है।

## कोरोना के दौरान जो कुछ खोया था उसे इकोनॉमी ने हासिल कर लिया, आर्थिक सर्वेक्षण में आया सामने

**नई दिल्ली ।** दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह भारत को भी यूरोप में लंबे समय से चल रहे युद्ध से वित्तीय चुनौतियां का सामना करना पड़ा है और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं भी आई हैं। समीक्षा में कहा गया, ज्यादातर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत ने चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना किया। भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष में घटकर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2022-23 के आर्थिक सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि कोरोना के दौरान जो कुछ खोया था उसे अर्थव्यवस्था ने दोबारा हासिल कर लिया है। सर्वेक्षण के अनुसार भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (अप्रैल 2022 से मार्च 2023) में सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। पिछले साल यह 8.7 प्रतिशत थी। दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह भारत को भी यूरोप में लंबे समय से चल रहे युद्ध से वित्तीय चुनौतियां का सामना करना पड़ा है और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं भी आई हैं। समीक्षा में कहा गया, ज्यादातर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत ने चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि भारत पीपीपी (क्रय




शक्ति समानता) के मामले में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी और विनिमय दर के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। समीक्षा में कहा गया, अर्थव्यवस्था ने जो कुछ खोया था, उसे लगभग फिर से पा लिया है। जो रुका हुआ था, उसे नया कर दिया है, और महामारी के दौरान तथा यूरोप में संघर्ष के बाद जो गति धीमी हो गई थी, उसे फिर से सक्रिय कर दिया है। इसमें संकेत दिया गया है कि मुद्रास्फीति की स्थिति बहुत चिंताजनक नहीं हो सकती है, हालांकि, कर्ज की लागत लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रहने की संभावना है। एक जटिल मुद्रास्फीति सख्ती के चक्र को लंबा कर सकती है। समीक्षा में कहा गया है कि महामारी के बाद भारत में पुनरुद्धार अपेक्षाकृत तेज था, ठोस घरेलू मांग से वृद्धि को समर्थन मिला, पूंजी निवेश में तेजी आई, लेकिन अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और बढ़ोतरी के अनुमान से रुपये के लिए चुनौतियां बढ़ीं। चालू खाते के घाटे (कैड) में बढ़ोतरी जारी रह सकती है, क्योंकि वैश्विक जिंस कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। अगर कैड और बढ़ता है, तो रुपया दबाव में आ सकता है। समीक्षा के मुताबिक, निर्यात के मोर्चे पर चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में वृद्धि में कमी आई है। धीमी वैश्विक वृद्धि, सिकुड़ते वैश्विक व्यापार के कारण चालू वर्ष की दूसरी छमाही में निर्यात प्रोत्साहन में कमी आई। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वर्तमान कीमतों पर वृद्धि दर के 11 प्रतिशत रहने का अनुमान है। समीक्षा में कहा गया कि आगामी वित्त वर्ष के दौरान ज्यादातर वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले भारत की वृद्धि दर मजबूत रहेगी।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले ऋषिकेश पहुंचे कोहली-अनुष्का, PM मोदी के गुरु के आश्रम पहुंचे

**ऋषिकेश ।** तीन वर्षों तक एक भी अंतरराष्ट्रीय शतक नहीं लगा पाने के बाद कोहली ने इस साल की बेहतरीन शुरूआत की और दो शतक लगा चुके हैं। अब वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट सीरीज में दिखेंगे। इस सीरीज की शुरूआत नौ फरवरी से होने जा रही है। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ धार्मिक यात्रा पर हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले मिले ब्रेक के दौरान कोहली और अनुष्का ऋषिकेश पहुंचे। इस दौरान दोनों स्वामी दयानंद सरस्वती के आश्रम भी पहुंचे। स्वामी दयानंद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आध्यात्मिक गुरु थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों धार्मिक अनुष्ठान के लिए ऋषिकेश पहुंचे हैं। धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार को होने की संभावना है। इसके अलावा दोनों ने गुरु की समाधि पर पुष्प अर्पित कर ध्यान भी लगाया। स्वामी दयानंद पीएम मोदी के आध्यात्मिक गुरु थे। पीएम खुद उनसे मुलाकात करने के लिए ऋषिकेश के शीशम झाड़ी स्थित स्वामी दयानंद सरस्वती के आश्रम पहुंचे थे। बाद में स्वामी दयानंद



ब्रह्मलीन हो गए थे। कोहली और अनुष्का ने उनके आश्रम पहुंचने के बाद सबसे पहले दयानंद सरस्वती की समाधि स्थल पर उनकी पूजा अर्चना की। साथ ही 20 मिनट ध्यान भी लगाया। इसके बाद कोहली और अनुष्का ने दयानंद आश्रम के अध्यक्ष स्वामी साक्षातकृता नंद महाराज से आशीर्वाद भी लिया। रात में वह आश्रम में ही रहेंगे। इसके अलावा तीनों ने आश्रम की रसोई में बना भोजन ही ग्रहण किया। इस दौरान तीनों ने रोटी, सब्जी, खिचड़ी और कढ़ी खाई। इसके अलावा तीनों आश्रम में नियमित होने वाली योग क्लास में भी शामिल हो सकते हैं। तीन वर्षों तक एक भी अंतरराष्ट्रीय शतक नहीं लगा पाने के बाद कोहली ने इस साल की बेहतरीन शुरूआत की और दो शतक लगा चुके हैं। अब वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट सीरीज में दिखेंगे। इस सीरीज की शुरूआत नौ फरवरी से होने जा रही है। विराट कोहली ने इसी महीने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले अनुष्का और बेटी वामिका के साथ वृंदावन का भी दौरा किया था। इस दौरान तीनों ने वृंदावन में श्री परमानंद जी का आशीर्वाद लिया था। वृंदावन से लौटने के बाद कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में कमाल का खेल दिखाया। अब वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भाग लेंगे। टेस्ट में खराब फॉर्म जारी विराट कोहली ने वनडे और टी20 में तो अच्छी बल्लेबाजी की है, लेकिन टेस्ट में उनका खराब फॉर्म जारी है। नवंबर 2019 के बाद टेस्ट में वह शतक नहीं लगा पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए भारत की टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), आर. अश्विन, अक्षर पटेल , कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मो. शमी, मो. सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, सूर्यकुमार यादव। ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा ( टेस्ट सीरीज शेड्यूल) पहला टेस्टः 9 से 13 फरवरी, नागपुर दूसरा टेस्टः 17 से 21 फरवरी, दिल्ली तीसरा टेस्टः 1 से 5 मार्च, धर्मशाला चौथा टेस्टः 9 से 13 मार्च, अहमदाबाद

## कॉमोडिटिज की कीमतें अधिक होने से और बढ़ सकता है चालू खाते का घाटा, इस पर नजर रखने की जरूरत

**नई दिल्ली ।** आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में अबतक आयात में वृद्धि की दर निर्यात की वृद्धि दर के मुकाबले कहीं अधिक रही है। इस वजह से व्यापार घाटा बढ़ गया है। संसद में मंगलवार को पेश आर्थिक सर्वेक्षण2022-23 में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर कॉमोडिटीज की कीमतें बढ़ने से चालू खाते का घाटा (कैड) और बढ़ सकता है। लिहाजा इस पर करीबी नजर रखने की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, देश का चालू खाते का घाटा सितंबर, 2022 की तिमाही में बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत हो गया। यह अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी का 2.2 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2022-23




की आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया, काफी हद तक घरेलू मांग बढ़ने और कुछ हद तक निर्यात की वजह से पुनरुद्धार तेजी से हुआ है जिससे चालू खाता संतुलन का जोखिम बढ़ा है। ऐसी स्थिति में चालू खाते का घाटा पर करीबी नजर रखने की जरूरत है क्योंकि चालू वित्त वर्ष की वृद्धि रफ्तार अगले साल तक जा सकती है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में अबतक आयात में वृद्धि की दर निर्यात की वृद्धि दर के मुकाबले कहीं अधिक रही है। इस वजह से व्यापार घाटा बढ़ गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तरफ से संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, दुनिया की अधिकांश मुद्राओं की तुलना में रुपये का प्रदर्शन बेहतर रहने के बावजूद अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा के मूल्य में ह्रास की चुनौती बनी हुई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की तरफ से नीतिगत दरों में और बढ़ोतरी होने पर रुपये की कीमत पर दबाव रह सकता है। आर्थिक सर्वेक्षण कहती है, चालू खाते का घाटा आगे भी बढ़ सकता है क्योंकि वैश्विक जिंस कीमतें अधिक हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि रफ्तार मजबूत बनी हुई है।

## लखनऊ के इकाना स्टेडियम के पिच क्यूरेटर पर गिरी गाज, हार्दिक ने दूसरे टी20 के बाद जताई थी नाराजगी

**लखनऊ ।** दूसरे टी20 मैच के बाद भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या ने पिच को लेकर नाराजगी जताई थी। मैच की दोनों पारियों में एक भी छक्का नहीं लगा। कुल 239 गेंदें फेंकी गईं, लेकिन कोई छक्का नहीं लगा। मैच में दोनों पारियों को मिलाकर 30 ओवर स्पिनर्स ने डाले।



लखनऊ के इकाना स्टेडियम में भारत-न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी20 खेला गया था। हालांकि, दर्शकों के लिए यह मुकाबला कुछ खास नहीं रहा, क्योंकि दोनों टीमें 100 रन बनाने के लिए भी जूझती दिखी थीं। न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर में 99 रन ही बना सकी थी। जवाब में भारत ने भी सिर्फ एक गेंद शेष रहते मैच जीता था। इस मैच के बाद भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या ने पिच को लेकर नाराजगी जताई थी। अब इकाना स्टेडियम के पिच क्यूरेटर पर गाज गिरी है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, उन्हें पद से हटा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा पिच क्यूरेटर को हटाकर संजीव कुमार अग्रवाल को इकाना स्टेडियम का नया पिच क्यूरेटर बनाया गया है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया- संजीव काफी अनुभवी पिच क्यूरेटर हैं और हम एक महीने के अंदर परिस्थितियों को बदलने की कोशिश करेंगे। टी20 से पहले सभी सेंटर विकेटों पर बहुत सारा घरेलू क्रिकेट खेला जा चुका था। क्यूरेटर को एक अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए एक या दो स्ट्रिप्स छोड़ देनी चाहिए थी। सतह का अत्यधिक उपयोग किया गया था और खराब मौसम के कारण ताजा विकेट तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं था। अगले मैच से पहले पर्याप्त समय संजीव अग्रवाल ने इससे पहले बांग्लादेश में पिचें तैयार की हैं। हालांकि, पिछले साल उन्हें वहां से हटा दिया गया था। अब उन्हें चीजों को ठीक करने का काम सौंपा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह अनुभवी बीसीसीआई क्यूरेटर तपोश चटर्जी के साथ मिलकर काम करेंगे। हाल फिलहाल में लखनऊ में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। यहां अब महिला आईपीएल के मैच खेले जा सकते हैं। ऐसे में संजीव के पास पिच को ठीक करने का पर्याप्त समय होगा। कप्तान हार्दिक बोले- यह टी20 के लायक नहीं इससे पहले कप्तान हार्दिक ने पिच को लेकर सख्त टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था- यह पिच टी20 के लायक नहीं है। मुझे इस बात का भरोसा था कि हम मैच खत्म करने में सफल होंगे, लेकिन इसमें काफी समय लग गया। मैच की परिस्थितियों को देखकर यह महत्वपूर्ण है। घबराने की आवश्यकता नहीं थी। इस पिच पर स्ट्राइक रोटेट करना ज्यादा जरूरी थी। हमने ऐसा ही किया। हार्दिक ने आगे कहा- यह एक सदमा देने वाला विकेट था। हालांकि, हमें पिच से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। हम इसके लिए भी पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन यह विकेट टी20 क्रिकेट के लिए नहीं बना है। क्यूरेटर या जहां हम खेलने जा रहे हैं, उन्हें इस बात को देखना चाहिए कि वे समय से पिचों को तैयार कर लें। इसके अलावा यहां कि सारी चीजों से काफी खुश हूं। इस मैदान पर 120 रन बनाने वाली टीम मैच जीत सकती है। यहां ओस ने ज्यादा भूमिका नहीं निभाई। न्यूजीलैंड के स्पिनर्स हमसे ज्यादा गेंद टर्न कराने में सक्षम रहे। गेंद अच्छी तरह घूम रही थी। यह वास्तव में एक सदमा देने वाला विकेट था। मैच में क्या हुआ? न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर 99 रन बनाए। उसके लिए कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को नहीं छू सका। कप्तान मिचेल सैंटनर ने सबसे ज्यादा नाबाद 19 रन बनाए। माइकल ब्रेसवेल 14, मार्क चैपमैन 14, फिन एलेन 11 और डेवोन कॉनवे 11 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने दो विकेट झटके। हार्दिक पांड्या, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, दीपक हुड्डा और कुलदीप यादव को एक-एक सफलता मिली। मैच में नहीं लगा एक भी छक्का जवाब में भारत ने आखिरी ओवर में एक गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया। ईशान किशन 19, राहुल त्रिपाठी 13, शुभमन गिल 11 और वॉशिंगटन सुंदर 10 रन बनाकर आउट हुए। सूर्यकुमार यादव ने 31 गेंद पर नाबाद 26 और हार्दिक पांड्या ने 20 गेंद पर नाबाद 15 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। मैच की दोनों पारियों में एक भी छक्का नहीं लगा। कुल 239 गेंदें फेंकी गईं, लेकिन कोई छक्का नहीं लगा। मैच में दोनों पारियों को मिलाकर 30 ओवर स्पिनर्स ने डाले।

## एकल युवा ग्वालियर की एकल ड्राइव



**ग्वालियर।** छात्र इस राष्ट्र की नींव हैं और अब वे ग्रामीण और शहरी भारत के बीच सेतु बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देकर हमारी मदद करेंगे। एकल ड्राइव जिसका उद्देश है नॉलेज फॉर ऑल, ऑल फॉर नॉलेज को जारी रखते हुए एकल युवा की टीम द्वारा आज द रेडियंट स्कूल में अपनी प्रेजेंटेशन दी। चेयरपर्सन संचिता गुप्ता, निकिता शर्मा सोशल मीडिया हेड के साथ एकल युवा की टीम ने कक्षा 6वीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों से बातचीत की और एकल अभियान पर प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने मिशन से जुड़ने और यथासंभव दान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के साथ मिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अपने विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

## ग्वालियर के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेटर सूरज मनकेले को मिला हिंद शिरोमणि सम्मान

**ग्वालियर।** अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मलेन और हिन्द शिरोमणि सम्मान समारोह-2023 इस रविवार को भव्या फाउंडेशन के तत्वाधान में कैंसर पीड़ितों और




शारीरिक रूप से अक्षम और आटिज्म वर्रिएर्स बच्चों लोगों की सहायतार्थ आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मलेन और हिन्द शिरोमणि सम्मान समारोह - 2023 सम्मान समारोह रविवार सुबह 10 बजे से सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी- जगतपुरा - जयपुर के कालिंदी ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ, जिसमें देश, विदेश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष मुकाम हासिल करने वाले 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 14देशों के आवाड़ी शामिल हुए। भव्या फाउंडेशन के संस्थापक शैलेन्द्र माथुर और निदेशक डॉ. निशा माथुर ने बताया की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी और पत्रकार पवन कपूर दिल्ली और ष्ठष्टक्क सुनीता मीणा की द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया। इस समारोह में पूरे देश भर से कई विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की। इस प्रोग्राम मैं दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इंडिया के ग्वालियर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सूरज मनकेले को क्रिकेट में उनके उत्कृष्ट खेल के कारण हिंद शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम में मिसेज इंडिया (ली डीवाइन) विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालन एंकर ऋष्ठ सपना (आकाशवाणी) ने किया। समारोह में साहित्य, पत्रकारिता, खेल समाज सेवा, शिक्षा, कला, ज्योतिष, उद्यम, कृषि, फिल्म, फैशन, ज्योतिष व अन्य क्षेत्र में अपने मन, लगन और हिम्मत से विशेष मुकाम हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। हिंद शिरोमणि सम्मान के लिए मध्य प्रदेश के सभी दिव्यांग खिलाड़ियों और दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इंडिया के पदाधिकारियों और उनके परिजनों व सहपाठियों नेउन्हें बधाई दी है।



## खेल प्रतियोगिताएंः खो-खो में ग्वालियर विजेता बना, इंदौर उपविजेता

**ग्वालियर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर की अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओं का तीसरा दिन बुधवार भी रोमांचक मुकाबलों से भरपूर रहा। खो-खो के फाइनल मुकाबले में इंदौर को हराकर ग्वालियर कृषि महाविद्यालय विजेता बना। दोनों ही टीमों ने शानदार कबड्डी का प्रदर्शन किया। आज अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन बैडमिंटन पुरुष वर्ग में ग्वालियर के छात्र मुदित एवं नीलेष विजेता तथा मंदसौर के छात्र उपविजेता रहे। वहीं बैडमिंटन महिला वर्ग में ग्वालियर की छात्रा अंकिता एवं ज्योति विजेता तथा इंदौर की छात्राएं उपविजेता रही। टेबल टेनिस महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में इंदौर विजेता तथा ग्वालियर उपविजेता बना। टेबल टेनिस पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में सीहोर विजेता तथा इंदौर उपविजेता बना। एथलेटिक्स में आज हुए अंतिम मुकाबले की पुरुष वर्ग की 4ग्100 रिले रेस में ग्वालियर के छात्र गौरव, अजय लुहारे, पवन कटारे, संजीव कुमार विजेता एवं मंदसौर के छात्र राहुल बनिया, हरिओम नागर, मोहब्बत भूरिया, अमित बिरगोड़िया ने भी दौड़ का शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता रहे। कैरम पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर विजेता तथा कृषि महाविद्यालय, इंदौर उपविजेता रहा। कबड्डी के फाइनल मुकाबला ग्वालियर और इंदौर के बीच हुआ जिसमें कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर विजेता रहा।

## मदाखलत अमले ने हटाया अतिक्रमण



**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा शहर में सुगम व व्यवस्थित यातायात के लिए निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत आज अनेक स्थानों पर कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया गया। मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त मदाखलत सत्यपाल सिंह के निर्देशन में निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाओ का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आज बुधवार को भवन अधिकारी वीरेंद्र शाक्य एवं भवन निरीक्षक सुश्री तनुजा वर्मा, भवन निरीक्षक अजय शाक्यवार के साथ मुरार शमशान घाट के सामने बन रहे अवैध निर्माण को हटाने की कार्यवाही की गयी। वहीं जनसुनवाई में छज्जे पर दीवाल बनाने की शिकायत की गई थी जिसे मदाखलत अमले द्वारा हटाया गया। इसके साथ ही मदाखलत अमले द्वारा थाटीपुर मुख्य मार्ग पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

## सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर डब्ल्यूएचओ को नोटिस, कर्मचारियों का वेतन काटा

ग्वालियर। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने



के लिए निगम के वरिष्ठ अधिकारियों एवं वार्ड मॉनीटरों निरंतर वार्डों में मॉनीटरिंग कर स्वच्छता व्यवस्था सुदृण बनाई जा रही है। उपायुक्त एवं वार्ड मॉनीटर डॉ. अतिबल सिंह यादव, वार्ड 05 अन्तर्गत आनन्द नगर बी-ब्लॉक आनन्द नगर सी-ब्लॉक, जमुनाबाई रोड, सागरताल, सूरज नगर,हरिहर नगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान निम्न सफाई संरक्षक वार्ड क्र-05 में सुरेष/सोभा, सतीष/रामसिंह, धनवन्ती/कमलकिषोर(नियं), रंजीत/काशीराम, हीरा/नथ्थन, (विनियमित) सौरभ/महेष, हेमलता/ जितेन्द्र, विषाल/राजू, (आउटसोर्स) उपरोक्तानुसार अनुपस्थित पाये गये। जिनका अनुपस्थित दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देष दिये गये, एवं शौचालयों/मुख्य मार्गो एवं कॉलोनियों में सफाई कार्य कराये जाने के सख्त निर्देष दिये गये। एवं संबंधित डब्ल्यूएचओ को कार्य के प्रति लापरवाही एवं विधिवत कर्मचारियों की मॉनीटरिंग न करने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।




## खुशियों की दास्तांः मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना ने गजेन्द्र को बनाया आत्मनिर्भर

**ग्वालियर।** बेरोजगार युवकों और युवतियों के लिये स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सार्थक सिद्ध हो रही है। बेरोजगार युवकों को बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। बैंक ऋण के माध्यम से स्वयं का रोजगार स्थापित कर अनेकों युवा अपने पैरों पर खड़े हुए हैं और अपने परिवार को खुशहाली से चला रहे हैं। ग्वालियर के गजेन्द्र सिंह ने भी योजना के माध्यम से 5 लाख रूपए का ऋण लेकर इलेक्ट्रोनिक उपकरण की दुकान प्रारंभ की। बैंक की सहायता और स्वयं की मदद से गजेन्द्र की दुकान चल निकली। गजेन्द्र अब न केवल अपनी दुकान का मालिक है बल्कि दुकान में काम करने के लिये एक अन्य युवक को भी रोजगार प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने गजेन्द्र का कहना है कि बेरोजगार युवक-युवतियों के लिये मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना बहुत ही अच्छी योजना है। इसके माध्यम से युवक स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में बेरोजगार युवक-युवतियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना कारगर सिद्ध हो रही है। युवाओं को चाहिए कि वे स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिये योजना का लाभ उठाएँ और स्वयं भी सक्षम बनें और अन्य लोगों को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिये प्रेरित करें।

## गाजियाबाद में चार पदक जीतकर छाया ग्वालियर

### आर्म रेसलिंग अकेडमी के पहलवानों ने दिखाया अपना दम, जता दिया नहीं किसी से कम

**ग्वालियर।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित की गई दो दिवसीय गाजियाबाद ओपन आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में ग्वालियर के पहलवानों का दबदबा रहा। पहलवानों ने विभिन्न भार वर्ग में चार पदक हासिल कर अपना दम दिखाकर ग्वालियर-चंबल अंचल को गौरवांवित किया। प्रतियोगिता में योगेंद्र यादव ने 70 किलोग्राम भार में, पूजा भदौरिया और अरविंद रजक ने 50-50 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। जबकि सचिन तोमर ने 50 किलोग्राम भार में रजत पदक हासिल किया। चार पदक जीतने वाले पहलवानों के अलावा राज भदौरिया, विकास गुर्जर, आदित्य भदौरिया और रोहित लोधी का प्रदर्शन भी बेहतर रहा। बेशक ये पदक जीतने में कामयाब नहीं हो सके लेकिन इन्होंने आयोजकों और रेफरियों को खासा प्रभावित किया। सभी पहलवानों के नगर आगमन पर भव्य स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। पड़ाव स्थित इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस (आईकॉम) पर ग्वालियर आर्म रेसलिंग वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. केशव पाण्डेय ने प्रतिभागियों को सम्मान करते हुए कहा कि बिरला नगर स्थित आर्म रेसलिंग अकेडमी ने इतिहास रचा है। पूरे देश में ग्वालियर को आर्म रेसलिंग का हब बना दिया है। इस मौके पर संस्था के सचिव दीपक तोमर, उपाध्यक्ष डॉ. नितिन भारद्वाज, कोच-वर्ल्ड चैम्पियन मनीष कुमार, सोनिया एवं गुरमीत सिंह राणा ने भी खिलाड़ियों का स्वागत कर उनके बेहतर भविष्य की कामना की। आर्म रेसलिंग दो खिलाड़ियों के बीच होने वाली एक प्रतियोगिता है। जिसमें दोनों खिलाड़ी(पहलवान) एक-दूसरे का सामना करते हैं। दोनों पहलवान अपनी कोहनी को मेज पर रखते हैं और एक बने हुए निशान के बीच एक-दूसरे के हाथों (पंजों) को मजबूती से पकड़ लेते हैं। इसके बाद एक-दूसरे के पंजे को नीचे झुकाने के लिए अपनी ताकत लगाते हैं। आसान भाषा में इसे पंजा लड़ाओ प्रतियोगिता कहते हैं।





## खुशियों की दास्तांः दूसरों का जीवन बचाकर अपने परिवार की जिंदगी सँवार रहे हैं महेन्द्र

**ग्वालियर।** दूसरों का जीवन बचाकर महेन्द्र अपने परिवार की जिंदगी सँवार रहे हैं। एम्बूलेंस से जरूरतमंद मरीजों को समय से अस्पताल पहुँचाकर उन्हें बड़ा सुकून मिलता है। महेन्द्र ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत एक एम्बूलेंस खरीदी है। बुजुर्ग रोड़ डबरा जिला ग्वालियर निवासी महेन्द्र सिंह तोमर बताते हैं कि पहले हमारे जीवन में बड़ा उतार ङ्क चड़ाव था। आर्थिक तंगी की वजह से कोई भी स्वरोजगार स्थापित नहीं कर पा रहे थे। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना ने हमारा जीवन बदल दिया है। इस योजना व इंडियन ओवरसीज बैंक वीरपुर शाखा की मदद से हमने 24 लाख रूपए की लागत से अत्याधुनिक एम्बूलेंस खरीदी है। बैंक से ऋण मंजूर कराने में जिला व्यापार उद्योग केन्द्र ने हमारी भरपूर मदद की। महेन्द्र सिंह का कहना है कि जबसे एम्बूलेंस हमारे घर आई है तबसे हमारे परिवार के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आया है। मुझे लगता है कि जरूरतमंदों को अस्पताल पहुँचाने से मिले पुण्य ने भी हमारे परिवार को आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा योगदान दिया है। वे कहते हैं मैं और मेरा परिवार प्रदेश सरकार के प्रति सदैव आभारी रहेगा।

## गाँव-गाँव में समारोहपूर्वक मनेगी संत रविदास जयंती

**ग्वालियर।** संत शिरोमणि रविदास की जयंती 5 फरवरी को ग्वालियर जिले की ग्राम पंचायतों में भी समारोहपूर्वक मनाई जायेगी। जिले में भी संत रविदास को नमन करने के साथ विकास यात्राएँ भी निकलेंगीं। इस संबंध में आयुक्त अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। संत रविदास जयंती पर ग्राम पंचायत स्तर पर समारोह 11.30 बजे से संत रविदास जी की प्रतिमा / चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू होंगे। इस अवसर पर संत रविदास जी के अनुयायी संतों का स्वागत किया जायेगा। साथ ही संत रविदास जी के भजनों का गायन भी होगा। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और संत रविदास जी के अनुयायियों के साथ-साथ ग्रामीणजन शामिल होंगे। इस दौरान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र बनाने का काम भी होगा। सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिये संचालित योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित भी कराया जायेगा।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022: विजेताओं को मिलेंगे मध्यप्रदेश पर्यटन के गिफ्ट हैम्पर

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स का सोमवार को भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम से आगाज़ हो गया है। मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले सभी विजेताओं को गिफ्ट हैम्पर प्रदान किए जा रहे हैं। गिफ्ट हैम्पर में प्रत्येक विजेता को मध्यप्रदेश पर्यटन का पब्लिसिटी बैग और गिफ्ट वाउचर दिया जा रहा है।




गिफ्ट वाउचर में गोल्ड मैडल जीतने वालों को म.प्र. पर्यटन निगम की किसी भी होटल अथवा रिजार्ट में ट्रिपल शेयरिंग बेसिस विथ ऑल मील्स पर 2 रात्रि व 3 दिन के स्टे पैकेज पर 50त्न, सिल्वर मेडल जीतने वाले को और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालों को 30त्न का फ्लैट डिस्काउंट प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विनर्स अपने अभिभावकों के साथ स?टे कर सकेंगे अथवा मील गिफ्ट वाउचर प्रदाय किया गया है, विनर्स उक्त गिफ्ट वाउचर का भी उपभोग कर सकेंगे। यह कूपन 31 अगस्त 2023 तक मान्य होगा। गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मैडल विनर्स को मध्यप्रदेश पर्यटन के पब्लिसिटी बैग में मध्यप्रदेश के विभिन्न पर्यटन व दर्शनीय स्थलों के लीफलेट्स, पोस्टर्स, मैप, सोविनियर, प्रदेश की ट्राइबल्स (गौंड) पेंटिंग्स तथा म.प्र. पर्यटन के पैकेज टूर की जानकारी की बुकलेट प्रदान की जा रही है। साथ ही खेलो इंडिया के यूथ गेम्स के आयोजन स्थलों क्रमशः भोपाल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन महेश्वर में मध्यप्रदेश पर्यटन के हेल्प डेस्क से भी मध्यप्रदेश के समस्त पर्यटन स्थलों तथा पर्यटक सुविधाओं की जानकारी प्रदान किए जा रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478